RNI No:-MPHIN/2008/24599 डाक पंजीयन:-एमपी/SDL-0019/2026-2028 Epaper:- www.fatwasamachar.com

# फतवा

प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित भोपाल और छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार आपका विश्वास



वर्ष -17 अंक-27 अनूपपुर- 03 से 09 जुलाई 2025 पृष्ठ-08 मूल्य-02 रुपये

पेज 04 बरसात के मौसम

हेमंत खंडेलवाल ने ग्रहण किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पदभार, कहा...

# मैं आम कार्यकर्ता हूं, मुझे पद नहीं दायित्व सौंपा गया है

## पार्टी में अनुशासन सबसे बड़ा, सब मिलकर काम करेंगे

**भोपाल।**

भाजपा कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में हेमंत विजय खंडेलवाल ने मप्र भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वीडी शर्मा ने खंडेलवाल को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इस मौके पर खंडेलवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई। इस मौके पर नए खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा के इस पर्व की प्रक्रिया पूरी हुई। मुझे पद नहीं दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आम कार्यकर्ता हूं। भाजपा क्षमता अनुसार पद पर बैठाती है। हम सबको मिलकर नया इतिहास गढ़ना है। वहीं हेमंत खण्डेलवाल ने कांग्रेस को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया है, वैसे ही कांग्रेस पार्टी पार्षद चयन का भी कर के दिखाए।



नए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं मानता हूं कि जो दायित्व सौंपा गया है, वो अहम है। इसके पहले 27 प्रदेश अध्यक्षों ने पार्टी को मजबूत किया है। बद्रीलाल दवे पहले अध्यक्ष थे। सुंदरलाल पटवा भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बने। मेरे स्वर्गीय पिता भी कुशाभाऊ ठाकरे के पद पर चलते थे। आज हमारे बीच कई लोग नहीं है, मैं उनको याद करता हूं। कई लोगों ने भाजपा को आगे ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को बुलंदियों पर बरकार रखना है, आगे भी ले जाना है। भाजपा किसी भी कार्यकर्ता को उसकी क्षमता के अनुरूप पद पर बैठाती है। उन्होंने कहा कि विश्व गुरु आज हम नरेंद्र मोदी जी के कारण हैं। अमित शाह, जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में हमें काम करना है। पहले एक मिथक था कि हम पांच साल पूरा नहीं कर पाते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने इस मिथक को तोड़ा है। वो कल्याणकारी योजनाएं लेकर आए और वो मिथक टूट गया। इस समय सीएम मोहन यादव भी हमारे प्रदेश में रोजगार और उद्योगों को लाने का काम कर रहे हैं।

### भाजपा में अनुशासन बड़ा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा में अनुशासन की बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी में अनुशासन बड़ा होता है। सब मिलकर काम करते हैं। इस वजह से यहां पर सभी का सम्मान होता है। भाजपा का परिवार कई वर्षों से कांग्रेस के विरुद्ध झंडा बुलंद करता आया है। और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी। भाजपा उनके रग-रग में है। हेमंत खंडेलवाल ने ये भी मैसेज देने की कोशिश की पार्टी सर्वोपरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी से जो दाएं-बाएं होगा उसको परेशानी होगी। सत्ता और संगठन दोनों मिलकर काम करेंगे।

# सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में है और हिंदुत्व किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का मानना ??है कि किसी व्यक्ति का महत्व उसकी जाति, धर्म या लिंग से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों व चरित्र से तय होता है। नितिन गडकरी मंगलवार को एक समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज सुधारकों ज्योतिबा फुले, शाहू महाराज और डॉ बी आर आंबेडकर के सामाजिक-आर्थिक समानता के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

हिंदुत्व कोई संकीर्ण शब्द नहीं है। धर्म का मतलब कर्तव्य है। एक शिक्षक कहता है कि मैं शिक्षक का धर्म मानता हूं, एक पत्रकार कहता है कि मैं पत्रकार का धर्म मानता हूं। यहां हिंदुत्व राष्ट्रवाद है, हिंदुत्व भारतत्व है। हिंदुत्व किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, जिस धर्मनिरपेक्षता का प्रचार किया जाता है उसका मतलब धर्मनिरपेक्षता कहा जाता है, लेकिन सही मायने में धर्मनिरपेक्ष शब्द का मतलब सभी धर्मों के बीच सद्भाव है। हमने समानता के आधार पर, सद्भाव के आधार पर संकल्प लिया है। हमारी राजनीति विकास की राजनीति है। हम पानी, उद्योग, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्रों में उड़ान भरना चाहते हैं।

समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को सर्वसम्मति से बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में निहित है। उन्होंने कहा कि हमें समाज से अस्पृश्यता और जातिवाद को पूरी तरह से खत्म करने की दिशा में काम करना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और सुशासन के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें राजनीतिक शक्ति का उपयोग केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने के लिए करना चाहिए। राष्ट्रीय प्रगति के लिए सामाजिक प्रगति आवश्यक है।

वहीं सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना विधायक आदित्य ठाकरे का नाम लिए बिना कहा कि हम वे लोग नहीं हैं जो बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में भेजते हुए हिंदी का विरोध करते हैं। अगर आप बॉम्बे स्कॉटिश में पढ़ते हैं और फिर हिंदी पर सवाल उठाते हैं,

# दोनों इंजनों के फेल हो जाने के कारण हुई अहमदाबाद विमान दुर्घटना, एएआईबी की शुरुआती जांच में

**अहमदाबाद।**

अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट के भीषण हादसे की शुरुआती जांच में दुर्घटना के कारणों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच में इसकी संभावना जाहिर की जा रही है कि दोनों इंजनों के फेल हो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई थी। एअरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। जांच में सामने आया है कि राम एयर ट्रूबिन (आरएटी) केवल तब सक्रिय होती है जब दोनों इंजन बंद हो जाते हैं। हादसे से ठीक पहले यह सक्रिय हो गई थी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, विमान में दो जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) इंजन लगे थे। एएआईबी इसकी जांच कर रहा है कि क्या बिजली की खराबी, ईंधन में मिलावट या इंजन नियंत्रण प्रणाली की विफलता के कारण एक साथ बिजली चली गई। जीई ने फिलहाल इस रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इंकार किया है।



एअर इंडिया ने भी कुछ बयान नहीं दिया है। एअर इंडिया द्वारा किए गए उड़ान सिमुलेशन में टेकऑफ के दौरान बोइंग 787 के लैंडिंग गियर और विंग फ्लैप वापस खींचे गए थे। वीडियो फुटेज से पुष्टि होती है विमान उड़ान भरने के बाद ऊंचाई पर नहीं जा सका और सीधा नीचे गिरा। वहीं, आरएटी की तैनाती दर्शाती है कि दोनों इंजन फेल हो चुके थे जो एक बेहद दुर्लभ स्थिति है। फिलहाल दो स्तर पर जांच जारी है। एएआईबी की तकनीकी टीम जांच कर रही है, जिसमें विमान के इंजन की विफलता और सिस्टम की पड़ताल की जांच की जा रही है।

# रुस से व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका लगाएगा 500 फीसदी टैक्स

## - भारत और चीन 70 फीसदी रूस से खरीदते हैं तेल, दोनों देश सकते में

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। रूस की यूक्रेन के खिलाफ जंग के तीन साल बाद भी कुछ देश, खासकर भारत और चीन, रूस से तेल खरीद रहे हैं। इसके बाद अब अमेरिका में एक बिल को पेश किया गया है। इसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 500 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बिल को राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला है। इस बिल के पास होने से भारत जैसे देशों के लिए खतरा पैदा हो गया है, जो रूस से सस्ता तेल खरीद रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है ट्रंप ने इस बिल को जुलाई की छुट्टियों के बाद वोट के लिए लाने की हरी झंडी दे दी है। ये बिल रूस की जंगी मशीनरी को कमजोर करने और राष्ट्पति पुतिन को यूक्रेन मसले पर बातचीत की मेज तक लाने का हथियार है।

ये बिल रूस से तेल और अन्य सामान खरीदने वाले देशों, खासकर भारत और चीन पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की बात कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर का कहना है कि भारत और चीन, रूस का 70 फीसदी तेल खरीदते हैं। इस बिल के जरिए अमेरिका इन मुल्कों पर दबाव बनाना चाहता है ताकि वह रूस से व्यापार बंद कर दें। उन्होंने ये भी साफ किया कि बिल में ट्रंप के पास वीटो का अधिकार होगा।

, यानी वह इसे लागू करने या न करने का फैसला ले सकते हैं।

इस बिल को 84 सीनेटरों का समर्थन मिला हुआ है। अमेरिरी सीनेटर ने कहा कि हम ट्रंप को एक ऐसा हथियार दे रहे हैं, जो उनके पास अभी नहीं है। ये बिल मार्च में पेश किया गया था, लेकिन व्हाइट हाउस की आपत्तियों और ट्रंप-पुतिन रिश्तों को सुधारने की कोशिशों के चलते इसे टाल दिया गया था। अब लगता है कि ट्रंप प्रशासन इस बिल को समर्थन देने को तैयार है।

रूस-यूक्रेन जंग की शुरुआत में अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर व्यापार प्रतिबंध लगाया था। इसके साथ वैश्विक ट्रेड पेमेंट गेटवे स्विफ्ट को भी रूस के लिए बैन कर दिया था। इससे रूस के लिए किसी दूसरे के साथ व्यापार करना मुश्किल हो गया था। तब भारत ने रूस से सस्ते दरों पर तेल खरीदना शुरू किया था। इसके लिए दोनों देशों ने डॉलर के बजाय रूपया-रूबल प्रणाली से ट्रेड किया था। नतीजतन, भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 1 फीसदी से बढ़कर 40-44 फीसदी तक पहुंच गई। जून में भारत ने रूस से 2-2.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन तेल आयात करने की योजना बनाई, जो पिछले दो सालों में सबसे ज्यादा है। वहीं रूस ने इस बिल पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

### रेलवे का सुपर एप रेलवन लॉन्च

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने नया सुपर एप रेलवन लॉन्च किया है। यह एप सभी पैसेंजर सर्विसेज को एक ही प्लेटफॉर्म पर सारी सुविधा देने के उद्देश्य से लाया गया है। आईआरसीटीसी रिजर्व्ड, अनरिजर्व्ड और प्लेटफॉर्म टिकट बुक करना, पीएनआर और ट्रेन स्टेटस, कोच पोजीशन, रेल मदद और ट्रैवल फीडबैक को ट्रैक करना इस तरह की सारी सुविधा इस एप में मिलेंगी। रेलवन एप का फोकस एक आसान इंटरफेस के जरिए यूजर को बेहतर एक्सपीरियंस देना है। रेलवन एप के जरिए यूजर को सभी रेलवे सर्विसेज एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। इस एप में सिंगल–साइन–ऑन कैपेबिलिटी है, यानी यूजर को मल्टीपल–पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।

### पंचायती राज मंत्री पर एफआईआर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ शिमला के ढली थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। मंत्री पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर और साइट इंजीनियर को कमरे में ले जाकर पीटने का आरोप है। पानी से भरे घड़े से सिर पर वार कर लहूलुहान करने का भी आरोप लगाया गया है। यह घटना उस वक्त हुई, जब मंत्री भट्टाकुफर की माठू कॉलोनी में ढह गए 5 मंजिला मकान के प्रभावितों का हाल जानने पहुंचे थे। यहां एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अचल जिंदल और साइट इंजीनियरिंग योगेश भी मौजूद थे। आरोप है कि आपदा प्रभावितों से मिलने के बाद मंत्री दोनों को एक कमरे में ले गए और लोगों के सामने ही गाली गलौज की। मारपीट भी की।

### फार्मा प्लांट विस्फोट में 36 की मौत

हैदराबाद। पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में जान गंवाने वालों की संख्या बढक़र 36 हो गई है। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने मंगलवार को बताया कि मलबा हटाते वक्त कई शव बरामद हुए। मलबे से अब तक 33 शव निकाले जा चुके हैं, जबकि तीन की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस बीच मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी अपने कुछ कैबिनेट साथियों के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आधिकारिक रिपोर्टों के अनुसार अब तक 36 लोगों की जान चली गई है।

### जगन रेड्डी को हाईकोर्ट से राहत

अमरावती। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक अंतरिम आदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ दो हफ्तों के लिए सभी कानूनी कार्यवाहियों और जांच पर रोक लगा दी है।

पुलिस कस्टडी में गार्ड की मौत पर मद्रास हाईकोर्ट सख्त

# कहा- ...पुलिस सत्ता के नशे में चूर

**चेन्नई।**

मद्रास हाईकोर्ट ने शिवगंगा जिले में पुलिस हिरासत के दौरान मंदिर के गार्ड अजित कुमार (27) की मौत के मामले में कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने इस मामले में स्वत~ संज्ञान लेते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 44 चोटों के निशान साबित करते हैं कि यह बर्बर पुलिसिया हिंसा का मामला है। जस्टिस एस.एम. सुब्रमण्यम ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, कि यह क्रूरता का चरम है। राज्य ने अपने ही नागरिक की हत्या की है। यह सत्ता के नशे में चूर पुलिस की हरकत है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बताया गया है कि अजित कुमार के शरीर के लगभग सभी हिस्सों पर गंभीर चोटें थीं। उसे 27 जून को चोरी के एक मामूली आरोप में हिरासत में लिया गया था। 28 जून को कस्टडी में ही उसकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी अजित को बेरहमी से पीटते नजर आए हैं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जून 2025 की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में खुलासा

# हर भारतीय 4.8 लाख रूपए का कर्जदार -दो साल में 90 हजार रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।**

भारत के हर व्यक्ति पर औसत 4.8 लाख रुपए का कर्ज है। मार्च 2023 में यह 3.9 लाख रुपए था। बीते दो साल में इसमें 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यानी, हर भारतीय पर औसतन 90,000 रुपए का कर्ज और बढ़ गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी जून 2025 की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है।



रिपोर्ट के अनुसार, लोग पहले से ज्यादा उधार ले रहे हैं। इसमें होम लोन, पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड का बकाया और अन्य रिटेल लोन शामिल हैं। खासकर, नॉन-हाउसिंग रिटेल लोन (जैसे पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड) का हिस्सा सबसे ज्यादा है। कुल डोमेस्टिक कर्ज का यह 54.9 प्रतिशत है। मार्च 2025 तक भारत पर दूसरे देशों/बाहरी कर्ज 736.3 बिलियन डॉलर था, जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा है। यह जीडीपी का 19.1 प्रतिशत है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा नॉन-फाइनेंस कॉरपोरेशन्स का 35.5 प्रतिशत, डिपॉजिट लेने वाली संस्थाओं का 27.5 प्रतिशत और सरकारों का 22.9 प्रतिशत है। अमेरिकी डॉलर में लिया गया कर्ज टोटल एक्सटर्नल डेट का 54.2 प्रतिशत है।

# सुप्रीम कोर्ट में पहली दफा एससी-एसटी आरक्षण नीति लागू, कर्मचारियों को पदोन्नति और सीधी भर्ती में मिलेगा आरक्षण

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए कर्मचारियों की सीधी भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण की औपचारिक नीति लागू की जाती है। यह नीति 23 जून 2025 से प्रभावी मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक प्रशासन में सामाजिक समावेश की दिशा में इस फैसले को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने सामाजिक न्याय और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए अपने गैर-न्यायिक पदों पर प्रत्यक्ष भर्ती और पदोन्नति में आरक्षण नीति लागू कर दी है। अभी तक के इतिहास में यह पहली दफा है जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अपने यहां ऐसी नीति को अपनाया है, जो अब तक कई हाईकोर्ट और अन्य सरकारी संस्थानों में लागू थी।

प्रियांक खडग़े बोले-संघ धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के खिलाफ

# केंद्र में आए तो आरएसएस को बैन करेंगे

**बेंगलुरु।**

कांग्रेस नेता प्रियांक खडग़े ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो आरएसएस पर बैन लगाया जाएगा।

प्रियांक ने आरएसएस पर धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के खिलाफ काम करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी दो बार आरएसएस पर बैन लगाया था और अब उन्हें उसे हटाने का अफसोस है। उनके मुताबिक, संघ हमेशा समानता और आर्थिक न्याय के विरोध में रहा है।

प्रियांक खडग़े कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के बेटे हैं और अभी कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं। पहले भी आरएसएस को बैन करने की बात कर चुके हैं। 2 साल उन्होंने कर्नाटक में आरएसएस को बैन करने की बात कही थी। प्रियांक खडग़े ने आरएसएस-भाजपा से देश को लेकर कोई सवाल नहीं पूछती।

प्रियांक ने कहा कि आरएसएस अपनी राजनीतिक पार्टी भाजपा से ये सवाल क्यों नहीं पूछती कि देश में बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है और पहलगाम में आतंकी हमला कैसे हुआ, ये किसकी चूक थी। यह प्रश्न न पूछकर संघ के लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

# बेंगलुरु हादसे की जांच में बोला ट्रिब्यूनल भगदड़ के लिए आरसीबी जिम्मेदार

**बेंगलुरु।** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने 4 जून को बेंगलुरु में हुई भगदड़ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार ठहराया है। टीम ने बिना पुलिस की अनुमति के सोशल मीडिया पर अचानक विजय जुलूस की घोषणा कर दी, जिससे लाखों की भीड़ जमा हो गई। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गए। न्यायाधिकरण ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इसलिए प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों की भीड़ इकट्ठा होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। अचानक सोशल मीडिया पर जानकारी पोस्ट की गई और उसी के परिणामस्वरूप लोग एकत्र हुए। न्यायाधिकरण ने आरसीबी द्वारा अचानक किए गए समारोह के ऐलान को अव्यवस्था फैलाने वाला करार दिया। आदेश में कहा गया, आरसीबी ने बिना किसी पूर्व अनुमति के अचानक इस प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न की। यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि केवल 12 घंटों में पुलिस सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पुलिस अधिनियम या अन्य नियमों के अनुसार कर पाएगी।

# चंद्रशेखर आजाद की चेतावनी, कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ, तब आंदोलन लखनऊ में

**लखनऊ।** प्रयागराज में हिंसक बवाल को लेकर नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनके कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ तब आंदोलन राजधानी लखनऊ में होगा और मुख्यमंत्री आवास तथा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयायी कभी हिंसा नहीं करते और कमजोर वर्ग के लोगों पर हिंसा का आरोप लगाना काफी आसान होता है। उन्होंने प्रयागराज हिंसा की सीबीआई जांच की सख्त मांग कर कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे कोई भी हों।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पे ??शल इन्टेन्सिव रिवीजन –एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, ÷ज्क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी।÷

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण ÷पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम÷ है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है।

संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के - चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा।

बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

# हेमंत खंडेलवाल की मप्र भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी के मायने

*"खंडेलवाल की बेदाग़ ईमानदार छवि और साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें अन्य दावेदारों से कहीं आगे करने का काम किया है। हेमंत खंडेलवाल ने 2007 में पहली बार बैतूल लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी। यह सीट उनके पिता विजय खंडेलवाल के निधन के बाद खाली हुई थी। 2009 में बैतूल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई लेकिन खंडेलवाल की भूमिका इसके बाद भी प्रभावशाली बनी रही। उन्होंने 2013 में विधायक के रूप में जीत दर्ज की। 2018 में वह चुनाव हार गए। 2023 में वह फिर से विधायक चुने गए। वर्तमान में हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। हेमंत खंडेलवाल एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ चुनाव रणनीति में बेहतरीन रणनीति के साथ कार्य करने के लिए जाने जाते हैं । मध्यप्रदेश भाजपा के कुशल चुनावी संचालकों में से एक हेमंत खंडेलवाल रहे हैं।"*



**मध्यप्रदेश की** राजनीति में हाल के वर्षों में नए नेतृत्व के रुप में डॉ. मोहन यादव का उभार को एक बड़ी राजनीतिक घटना के तौर पर देखा गया है। बेहद कम समय में अपनी लगन, मेहनत, समाजसेवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से नजदीकी के दम पर देश की राजनीति में खुद को एक मंझे हुए खिलाडी के तौर पर स्थापित कर लिया है। डॉ. मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनना भाजपा की एक रणनीति का हिस्सा था जिसके तहत पार्टी ने एक ओबीसी चेहरे को आगे बढ़ाकर प्रदेश से बाहर भी तमाम सामाजिक समीकरणों को साधने की बेहतर कोशिश की। उनकी मध्यप्रदेश के सीएम के रूप में ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश में, बल्कि पड़ोसी राज्यों विशेष रूप से उत्तर प्रदेश,बिहार में भी भाजपा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया। अब मध्यप्रदेश भाजपा में लंबे समय से चल रही अटकलों का आज अंत हो गया जब बैतूल से विधायक और पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुन लिया गया है। उनकी ताजपोशी न केवल मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी बल्कि यह संगठनात्मक और सामाजिक समीकरणों को भी बेहतर तरीके से साधेगी। हेमंत खंडेलवाल मध्यप्रदेश के बैतूल क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने एक सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में संगठन शिल्पी के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी साफ-सुथरी छवि और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल और आरएसएस से बेहतरीन तालमेल ने ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। खंडेलवाल की ताजपोशी मालवा-निमाड़ से लेकर महाकौशल सरीखे क्षेत्रों में आने वाले दिनों में भी बड़ा प्रभाव छोड़ेगी जो प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। खंडेलवाल मध्यप्रदेश भाजपा के एक महत्वपूर्ण संगठनकर्ता और रणनीतिकार के रूप में जाने जाते हैं। जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनकी संवाद कला और कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़ ने उनके चयन में बड़ी भूमिका निभाई है। हेमंत खंडेलवाल ने उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा की जीत में उनकी रणनीति ने अहम भूमिका निभाई है। खंडेलवाल की कार्यशैली में स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की असाधारण क्षमता है। पार्टी के सीनियर और जूनियर नेताओं के साथ भी उनके सम्बन्ध बेहतरीन रहे हैं। वे उन नेताओं में से हैं जो पर्दे के पीछे रहकर संगठन को मजबूत करते रहे और सबके चहेते बने रहे। हेमंत खंडेलवाल का निर्वाचन निर्विरोध होने के पीछे सामाजिक और जातीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया है। वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव ओबीसी वर्ग से और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। ऐसे में सामान्य वर्ग या अनुसूचित जनजाति वर्ग से अध्यक्ष चुनने की रणनीति के तहत खंडेलवाल का नाम आगे आया। यह कदम भाजपा की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को दर्शाता है।

हेमंत खंडेलवाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि भी मजबूत रही है। उनके पिता विजय खंडेलवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं जिससे संगठन की उन्हें अच्छी समझ रही है। खंडेलवाल की बेदाग़ ईमानदार छवि और साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें अन्य दावेदारों से कहीं आगे करने का काम किया है। हेमंत खंडेलवाल ने 2007 में पहली बार बैतूल लोकसभा उपचुनाव में जीत हासिल की थी। यह सीट उनके पिता विजय खंडेलवाल के निधन के बाद खाली हुई थी। 2009 में बैतूल लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गई लेकिन खंडेलवाल की भूमिका इसके बाद भी प्रभावशाली बनी रही। उन्होंने 2013 में विधायक के रूप में जीत दर्ज की। 2018 में वह चुनाव हार गए। 2023 में वह फिर से विधायक चुने गए। वर्तमान में हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा के कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं। हेमंत खंडेलवाल एक कुशल संगठनकर्ता होने के साथ चुनाव रणनीति में बेहतरीन रणनीति के साथ कार्य करने के लिए जाने जाते हैं । मध्यप्रदेश भाजपा के कुशल चुनावी संचालकों में से एक हेमंत खंडेलवाल रहे हैं। किसी राजनेता की छवि को जनता के बीच स्थापित करते हुए किस तरीके से अनूकूल परिणाम लाए जा सकते हैं यह हेमंत खंडेलवाल से बेहतर शायद ही कोई नेता महसूस कर सकता है। हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा के संगठन को अपने व्यवहारिक और सांगठनिक कार्यों के जरिए सहेजा है। उन्होंने खुद को गुटबाजी से ऊपर रखते हुए पार्टी को एकजुट करने की नीतिगत कोशिशें की हैं। इसी परिपक्वता ने उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आज अन्य नेताओं से कहीं आगे बेहद मजबूत किया है।

अब जबकि मध्यप्रदेश कांग्रेस का युवा वर्ग गुटबाजी और भारी आंतरिक कलह से जूझ रहा है, हेमंत खंडेलवाल जैसे नेता भाजपा के लिए नई ऊर्जा और उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने हमेशा पार्टी हित को सदैव सर्वोपरि रखा है। हेमंत खंडेलवाल ने अपने अब तक के राजनीतिक सफर में कुशल संगठन शिल्पी, कार्यकर्ताओं के साथ शालीनता, संवाद और एक ईमानदार जनप्रतिनिधि होने की गम्भीरता दिखाई है यही उनकी सबसे बड़ी यूएसपी रही है जिसका लाभ उन्हें आज मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मिला है।

डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की बेहतरीन ट्यूनिंग रही है। दोनों ही नेता मध्यप्रदेश के उस क्षेत्र से आते हैं जो भाजपा का एक बड़ा मजबूत गढ़ रहा है। इस क्षेत्र में दोनों की गहरी पैठ और आपसी समन्वय ने भाजपा को न केवल विधानसभा चुनावों में बल्कि स्थानीय चुनावों में भी मजबूती प्रदान की है। मौजूदा दौर में प्रदेश की सियासत में यह जोड़ी न केवल भारतीय जनता पार्टी के भीतर अपनी मजबूत स्थिति के लिए जानी जा रही है, बल्कि उनकी आपसी समझ और रणनीतिक समन्वय ने मध्य प्रदेश भाजपा की राजनीति में एक नया आयाम जोड़ा है। पिछले कुछ समय से भाजपा में जिस तरीके से विधायक संगठन को लगातार ताक पर रखते हुए सरकार को आईना दिखाने से पीछे नहीं हैं उसके मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल की नई जोड़ी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए संजीवनी के समान कारगर साबित हो सकती है। हेमंत खंडेलवाल की प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर ताजपोशी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक बड़ा मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकती है। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और ठोस निर्णयों से खुद को जननायक बनाया है वहीं हेमंत खंडेलवाल ने सामान्य कार्यकर्ता के रूप में संगठन शिल्पी के तौर पर पार्टी को मजबूत करने के साथ ही पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का काम किया है।

डॉ. मोहन यादव का ओबीसी समुदाय से होना और हेमंत खंडेलवाल की सामान्य वैश्य वर्ग में पकड़ ने भाजपा को विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच संतुलन बनाने में मदद की है। मध्यप्रदेश में ओबीसी समुदाय की 52 फीसदी आबादी को देखते हुए यह जोड़ी अब आने वाले दिनों में सामाजिक समावेश की दिशा में एक मजबूत कड़ी बनकर उभर सकती है।भविष्य में इस जोड़ी की ट्यूनिंग बीजेपी के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। डॉ.मोहन यादव का मुख्यमंत्री के रूप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और खंडेलवाल की संगठनात्मक रणनीति मिलकर मध्यप्रदेश भाजपा को और मजबूत कर सकती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा संगठन दोनों को भी अब यह भरोसा है कि हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बना रहेगा। इसी को देखते हुए सभी कार्यकर्ता उनके नाम पर सहमत नजर आये हैं।

हेमंत खंडेलवाल के सामने सबसे बड़ी चुनौती मध्यप्रदेश में भाजपा संगठन को मजबूत करने से लेकर पार्टी के सभी विधायकों, सांसदों और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय की होगी। आगामी विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए संगठन के भीतर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने से लेकर जनता के बीच पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से ले जाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। उनकी जमीनी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें यह पद दिलाया है। यह दर्शाता है कि भाजपा में नेतृत्व चयन में सोशल मीडिया की चमक से ज्यादा जमीनी कार्यकर्ता को महत्व दिया जाता है। हेमंत खंडेलवाल की ताजपोशी मध्यप्रदेश भाजपा के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा लाने की उम्मीद की जा रही है। उनकी नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और यह माना जा रहा है कि वे अपने करिश्मे से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस ताजपोशी ने यह भी साबित किया है मध्यप्रदेश भाजपा अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है और वह नए नेतृत्व और सामान्य से कार्यकर्ता को भी उभरने का बेहतर मौका दे रही है।

डॉ.मोहन यादव का विजन और हेमंत खंडेलवाल का बेहतरीन समन्वय अब मध्यप्रदेश भाजपा में सफलता का नया अध्याय लिखेगा। यह जोड़ी आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश भाजपा के लिए भी एक बड़ा सकारात्मक संदेश देगी। भविष्य में इस जोड़ी का समन्वय और रणनीति प्रदेश भाजपा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ देशों द्वारा जुगलबंदी कर भारतीय विचारधारा को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है-भारत की आवाज़ सुनना पड़ेगा

**वैश्विक स्तरपर** भारत के बढ़ते कद,रुतबे और प्रतिष्ठा से स्वाभाविक रूप से कुछ देश या उनका संगठन ईर्ष्या ज़रूर करेगें। 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में कदम रखा था अभी 26 जून 2025 को शुभांशु शुक्ला ने भी भारत के दूसरे बहादुर ने कदम रखा है यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि और भारत की दिशा, विचारधारा को नज़रंदास कर उसे कम आकलन कर अपने सहयोगी सदस्य देश का पक्ष जरूर लेंगे। वैसे भी यह हर देश की नीति रणनीति रहती है कि उसके लिए राष्ट्रहित सर्वोत्तम रहता है।दुनियाँ का बादशाह कहलानें वाला देश भी अनेक बार अपने हित के लिए पड़ोसी व विस्तारवादी मुल्क, खाड़ी देशों, पश्चिम एशिया इत्यादि में अपनें सहयोग के साथ की स्थिति बदलते रहता है, ठीक उसी तरह भारत भी कूटनीतिक, विदेश नीति के हिसाब से राष्ट्रीय हित सर्वोपरि रखकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनीं विचारधारा, संकल्प, देशहित, विश्वहित की अपनी नीति शुरू से ही जारी रखे हुए हैं। आज मैं किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहा हूं क्योंकि हमने 26 जून 2025 को चीन के किंगदाओ शहर में चल रहे रक्षा मंत्रियों के शंघाई सहयोग संगठन में साझा घोषणापत्र पर भारतनें हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है,क्योंकि उनकाआतंकवाद पर पाक़ के बलूचिस्तान का तो नाम था परंतु भारत के पहलगाम का नाम नहीं था,जिस पर हमारे रक्षामंत्री ने भरी सभा में खरीखोटी सुनाई व अनेक बातें कहीं जिसे हम नीचे पैराग्राफ में चर्चा करेंगे,ठीक उसी तरह अभी 3 दिन पहले,तुर्किए के इस्तांबुल में आयोजित इस्लामिक सहयोग संगठन की दो दिवसीय बैठक एक बार फिर पाक की पक्षपातपूर्ण कूटनीति का मंच बन गई। 57 मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी की विदेश मंत्रियों की परिषद ने अपने साझा बयान में जहां एक ओर भारत-पाक के बीच हुए सिंधु जल समझौतेको जारी रखने की बात कही, वहीं दूसरी ओर भारत की सैन्य कार्रवाई और कश्मीर नीति को लेकर भी एकतरफा टिप्पणी की,ओआईसी ने अपने साझा बयान में साफ कर दिया कि वह पाक के रुख का पूरी तरह समर्थन करता है और भारत से अधिकतम संयम बरतने की उम्मीद करता है।चूँकिआतंकवाद से मुकाबला सर्वेजन सुखीनों भवंतु यानें शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना होगा सराहनीय है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कुछ देशों द्वारा जुगलबंदी कर भारतीय विचारधारा को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है,भारत की आवाज हर हाल में सुना ही पड़ेगा।

साथियों बात अगर हम 25-27 जून 2025 तक किंगदाओ चीन में चले शंघाई सहयोग संगठन की 22वीं बैठक में साझा घोषणा पत्र में हस्ताक्षर करने से इंकार की करें तो,एससीओ वर्तमान में 10 सदस्य देश हैं - बेलारूस, चीन, भारत, ईरान,कजाकिस्तान किर्गिस्तान,पाकिस्तान,रूस, ताजिकिस्तान औरउज्बेकिस्तान। बैठक के बाद साझा घोषणापत्र में चीन नें पाकिस्तान से दोस्ती निभा दी है, चीन ने एससीओ घोषणापत्र में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र भारत के आग्रह के बावजूदन नहीं किया, जबकि पाकिस्तानी सेना के खिलाफ बलूचिस्तान में हो रहे विद्रोह का जिक्र आतंकी घटनाओं के तौर पर किया है, इस बैठक में भाग लेने के लिए चीन गए रक्षा मंत्री इससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने इस साझा घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है, साथ ही भारत ने कहा है कि वे साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहींहोंगे। भारत के इस कदम के बाद एससीओ का साझा घोषणापत्र जारी नहीं हो सका है।भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर एससीओ बैठक में भी वही रुख कायम रखा है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाक में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई में दिखाया था, भारत ने दिखा दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के मुद्दे पर वह किसी तरह की कूटनीतिक नरमी नहीं दिखाने जा रहा है और ना ही किसी तरह के अंतरराष्ट्रीय दबाव में आएगा,भारत ने इस मुद्दे पर एससीओ घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने के चीन के आग्रह को भी खारिज करके स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद पर उसका दोहरा रवैया नहीं चलेगा।

साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्री की एससीओ बैठक में सीमा पर आतंकवाद का मुद्दा उठाने की करें तो रक्षामंत्री ने बुधवार को शुरू हुई एससीओ देशों के 10 रक्षामंत्रियों की बैठक में स्पष्ट रूप से सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया था,उन्होंने पाक का नाम लिए बिना ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सीधी चेतावनी दी थी कि निर्दोषों का खून यदि फिर बहेगा तो भारत का एक्शन जारी रहेगा,भारत फिर से घुसकर आतंकियों को मारेगा, निर्दोषों का खून बहाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा, उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया था और कहा था कि एक नेपाली नागरिक समेत 26 निर्दोषों का खून धार्मिक पहचान पूछकर बहाया गया, जिस संगठन रेजिस्टेंस फ्रंट ने इसकी जिम्मेदारी ली, वो संयुक्त राष्ट्र की तरफ से लिस्टेड पाक आतंकी संगठन लश्कर-ए -ताइबा का प्रॉक्सी संगठन है।उन्होंने चीन को भी ताकीद की थी, उन्होंने कहा था कि कोई भी देश कितना भी शक्तिशाली हो, अकेला काम नहीं कर सकता है, हमारे यहां सदियों से सर्वे जन सुखिनो भवन्तु की कहावत है, जिसका मतलब है कि शांति और समृद्धि के लिए सभी को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि हमारे क्षेत्र में सभी समस्याओं का मूल कारण कट्टरपंथ और आतंकवाद है,आतंकवाद और शांति-समृद्धि साथ-साथ नहीं चल सकते, आतंकवाद को नीतिगत हथियार बनाने वाले और आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को दोहरे मानदंड के लिए यहां जगह नहीं है। एससीओ को ऐसा करने वाले देश की आलोचना में संकोच नहीं करना चाहिए, हालांकि भारत के इस आग्रह के बावजूद चीन ने एससीओ का साझा घोषणापत्र तैयार करते समय पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का उसमें जिक्र नहीं किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पार्षद अनवर कादरी रासुका में निरूद्ध

**इन्दौर।** लव जिहाद के आरोपियों को फंडिंग के मामले में आरोपी बनाए गए फरार पार्षद अनवर कादरी के खिलाफ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने इंदौर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने अनवर कादरी उर्फ डकैत पिता असलम कादरी निवासी 44 सदर बाजार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम में निरूद्ध करने के आदेश जारी किये है। अनवर कादरी उर्फ डकैत के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में 18 अपराध पंजीबद्ध है। अनवर कादरी उर्फ डकैत लंबे समय से अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होकर फिलहाल फरार है।

### नए कलाकारों को मंच देने के लिए एक दिवसीय प्रदर्शनी

**इन्दौर।** शहर के कलाकारों को मंच और मौके देने के उद्देश्य से संस्था इंदौरियंस द्वारा टीआई मॉल में एक दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें नए-पुराने हर उम्र के कलाकारों ने अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित की। पारंपरिक भारतीय कला को बढ़ावा देने और उभरते प्रतिभाशाली कलाकारों विशेषकर महिलाओं को एक मंच देने के मकसद से आयोजित इस प्रदर्शनी में शहर के करीब सौ कलाकारों की कलाकृतियां लगाई गईं थीं जिसमें मधुबनी, गोंड, ट्राइबल, मंडला, पिछवई, वरली, कालीघट, लिप्पन, कलमकारी, मूर्तिकला, पट्टाचित्र जैसी शैलियां देखी गईं। प्रदर्शनी की शुरुआत कलासाधक मोहन विश्वकर्मा और मंजुला त्रिवेदी ने की। इस दौरान वरिष्ठ कलाकारों ने अनुभव भी साझा किए वहीं कला साधकों यशा वर्मा, रेखा भटनागर, संजय महाजन और डॉ सौरभ सोनी ने अपनी कला का लाइव डेमो भी दिया।

### जागरूकता कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

**इन्दौर।** प्रिय सखी महिला संघ इंदौर द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्राम बड़ौद व मोड़ी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बड़ौद में कार्यशाला के शुभारंभ पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगपाल सिंह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में तथा अग्रणी जिला प्रबंधक श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद बड़ौद सेंगर, आर सेटी डायरेक्टर अजय सिंह तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के प्रबंधक सचिन मीणा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ग्राम मोड़ी में कार्यशाला के शुभारंभ पर उपसरपंच रामगोपाल मीणा मुख्य अतिथि तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा मोड़ी के प्रबंधक राजेश कुमार, अधिकारी प्रतीक जैसवाल और मार्केटिंग अध्यक्ष मीणा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दोनों कार्यशालाओं में अतिथि वक्ता के रूप में आरके जैन और महाजन उपस्थित थे। दोनों कार्यशालाओं में करीब 120 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। बड़ौद कार्यशाला में गजेंद्रपाल सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है सभी प्रतिभागी इसका पूर्ण लाभ लेवे एवं जानकारी अपने मोहल्ले के सब लोगों को बताएं।

### आईआईटी इन्दौर का 13 वां दीक्षांत समारोह 12 को

**इन्दौर।** देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी इंदौर का 13 वां दीक्षांत समारोह आगामी 12 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। डायरेक्टर सुहाष जोशी द्वारा समारोह की रूपरेखा और तैयारियों के लिए बैठक ले रहे हैं। आगामी दो-तीन दिनों में कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित कर ली जाएगी। दीक्षांत समारोह में उद्योगपतियों और अन्य विशेष हस्तियों की भी सहभागिता रहेगी।

### कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल 02 जुलाई को रात्रि 10:20 बजे ट्रेन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। 03 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे अनूपपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे एवं प्रातः 10:40 बजे अनूपपुर से बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11:45 बजे निज निवास बिजुरी पहुंचेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

### औद्योगिक भू-खण्डों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट 15 जुलाई तक आमंत्रित

**अनूपपुर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनूपपुर जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र कदमटोला में रिक्त औद्योगिक भू-खंडों के आवंटन हेतु 15 जुलाई अपरान्ह 5:00 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर संपदित की जाएगी। प्रत्येक भूखंड हेतु आवेदन शुल्क 5000 रुपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रब्याजी (प्रीमियम) की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। नियम, प्रक्रिया एवं भूखंडों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट mpmsme.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

# नगर निगम ने किया डॉक्टर्स और सीए का सम्मान

## :डॉक्टर्स और सीए डे पर हुआ आयोजन, महापौर बोले- डॉक्टर्स जीवन के रक्षक, सीए आर्थिक संरक्षक

**इंदौर**

नगर निगम ने सोमवार को डॉक्टर्स डे और सीए डे पर सम्मान समारोह आयोजित किया। नगर निगम मुख्यालय स्थित अटल सभागार में ये आयोजन हुआ, इसमें डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया। उनके सामाजिक और पेशेवर योगदान के लिए उन्हें मोमेंटो, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में ये आयोजन हुआ। इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्ग ने कहा कि डॉक्टर्स हमारे जीवन के रक्षक हैं और सीए हमारे आर्थिक संरक्षक है। दोनों ही समाज के अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि नगर निगम हर वर्ष 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे और सीए डे को संयुक्त रूप से मनाता आया हैं और यह क्रम जारी रहेगा, ताकि समाज में इन दो प्रमुख पेशों के योगदान को समर्पित भाव से पहचाना जा सके। अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि डॉक्टर्स और सीए दोनों ही ऐसे पेशेवर हैं जो समाज की भलाई के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा करते हैं। स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों की चिंता करने वाले एक ही दिन सम्मानित हो, यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह प्रयास है कि प्रोफेशनल्स केवल अपने कार्यक्षेत्र तक सीमित न रहें, बल्कि वे समाज और राजनीति से भी जुड़ें। महापौर ने बीते 2 वर्षों के दौरान नगर निगम की उपलब्धियों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि कैसे लोगों के साथ मिलकर इंदौर को स्वच्छता में नंबर वन बनाया गया और आज देश की तमाम बड़ी कंपनियां इंदौर का रुख कर रही हैं।




### इतने अच्छे बनो कि लोग तुम्हें नजर अंदाज न करें

मुख्य अतिथि डॉ. गुनमीत बिंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हम जीवन के उन विषयों के साथ बड़े हुए हैं, जिनमें सार छिपा होता है। आज इस सभागार में दोनों स्वास्थ्य और समृद्धि के रक्षक मौजूद हैं। आप सभी सुपर ह्यूमन बीइंग्स हैं। उन्होंने डॉक्टर और सीए की तुलना समाज के नैतिक स्तंभों से की और कहा कि इनकी जिम्मेदारियां सिर्फ पेशेवर नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी हैं। डॉ. बिंद्रा ने कहा इतने अच्छे बनो कि लोग तुम्हें नजरअंदाज न कर सकें और इतने नैतिक बनो कि कोई तुम्हारा विकल्प न बन सके।

तीन सालों से किया जा रहा है सम्मान इधर, मीडिया से चर्चा में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कमाल ने भी कहा था कि हमारे जो सीए है वह हमारे देश के अकाउंट्स और देश के अच्छे काम का भी बैलेंस रखते है। वहीं जो डॉक्टर्स है जिनको हमने कोरोना काल में भी देखा, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की रक्षा करने का काम किया। यह जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि उनके अच्छे काम का सम्मान करें। इसलिए पिछले तीन सालों से नगर निगम चुनिंदा डॉक्टर्स और सीए का सम्मान शुरू किया।

# खाना बनाने के दौरान आग से झुलसी महिला की मौत, पति गंभीर

**इन्दौर**

विगत दिनों में खाना पकाते समय गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग में महिला उसका पति और बच्चा झुलस गए थे उन्हें इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया वहीं पति का इलाज जारी है, बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हादसा मल्हारगंज थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार पूनम पति अविनाश शर्मा निवासी पंचकुइयां मंदिर के पास की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। 14 दिन पहले बच्चों को स्कूल भेजने के लिए खाना पकाते समय गैस सिलेंडर लीकेज होने से लगी आग में पूनम 70 प्रतिशत झुलस गई थी। उसे बचाने के चक्कर में पति भी झुलस गया, जबकि घर में सो रहा उनका बेटा मामूली रूप से झुलसा था। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई थी। परिजनों और पड़ोसियों ने उन्हें तत्काल आग से निकाल निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पूनम की मौत हो गई वहीं अस्पताल में भर्ती अविनाश की हालत गंभीर बनी हुई है।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया

**इन्दौर**

जिला पंचायत, सीईओ सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को विकासखंड इन्दौर के ग्रामों का भ्रमण कर शासन की स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही अन्य विभिन्न शासकीय संस्थाओं का भ्रमण कर निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम पंचायत तिल्लोरखुर्द के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण मध्यान भोजन वितरण के समय किया। उन्होंने भोजन ग्रहण कर रही छात्राओं से संवाद कर भोजन की गुणवत्ता परखी।

# घूमने निकले पांच दोस्तों में दो की मौतःदेर रात तेज रफ्तार कार इंदौर बायपास पर हादसे का शिकार

## तीन छात्र गंभीर घायल



**इंदौर**

इंदौर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बायपास स्थित ब्रिज के पास सोमवार देर रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी छात्र महेश्वर के पास ढापला गांव के रहने वाले थे और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे।

### तेज रफ्तार में अनियंत्रित हुई कार

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान धीरज पाटीदार (20) पुत्र किशोर पाटीदार निवासी ग्राम ढापला, थाना मंडलेश्वर और धुव्र पाटीदार पुत्र डालूराम पाटीदार, निवासी धरगांव, मंडलेश्वर के रूप में हुई है। दोनों इंदौर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक कर रहे थे और रेडियो कॉलोनी में किराए के फ्लैट में रहते थे।

### तीन छात्र घायल, अस्पतालों में भर्ती

हादसे में हेमंत पाटीदार, आदित्य और यशराज नामक तीन छात्र घायल हुए हैं। इनमें हेमंत महाराणा रणजीत सिंह कॉलेज से बीएससी कर रहा है। सभी घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार धीरज लेकर आया था। सभी दोस्त देर रात शहर घूमने निकले थे, इसी दौरान बायपास पर ब्रिज के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। आशंका है कि कार तेज रफ्तार में थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने छात्रों के परिजनों को मंडलेश्वर में सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया 7 को इंदौर में शब्द सुरों की वीना का करेंगे लोकार्पण

**इन्दौर**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आगामी 7 जुलाई को इंदौर आ रहे है। वे यहां डॉ. ओम नागपाल शोध संस्थान इंदौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किताब शब्द सुरों की वीना का लोकार्पण करेंगे। इस किताब में वीना नागपाल के लिखे स्त्री-विमर्श और सामाजिक चिंताओं पर एकाग्र आलेखों का संकलन किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी उपस्थित रहेंगे। डॉ अशोक कुमट और डॉ. दिव्या गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम 7 जुलाई को शाम 5 बजे से रवींद्र नाट्यगृह में होगा। किताब बिक्री से मिली राशि को महिला उत्थान के स्वयंसेवी संगठन ज्वाला महिला समिति को दिया जाएगा।

# नशेड़ी ड्रग तस्कर धराया, एमडी ड्रग जब्त

**इन्दौर।** मुखबिर सूचना पर पुलिस ने एमडी तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की। मामला सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि उर्दू स्कूल के पास एक युवक ड्रग्स बेचने की फिराक में घूम रहा है। इस पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते आरोपी ऋतिक जोशी निवासी भोई मोहल्ला को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 ग्राम ड्रग्स जब्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी खुद भी ड्रग्स के नशे का आदी है।

# इंदौर में ड्राइवर से मारपीट कर लूटःसवारी बनकर बैठे बदमाश रिवॉल्वर की नोक पर कार लेकर फरार, दो पकड़ाए

**इंदौर**

इंदौर में सपना-संगीता रोड से सवारी बनकर कार में बैठे तीन बदमाशों ने तेजाजी नगर बायपास पर ड्राइवर से मारपीट कर रिवॉल्वर दिखाया और कार लूटकर फरार हो गए। कुछ घंटे बाद कनाडिया बायपास पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोका, जिसमें दो आरोपी पकड़ में आ गए, जबकि एक फरार हो गया। द्वारकापुरी निवासी रवि चौहान एक ट्रैवल कंपनी में ड्राइवर है। उसे रात 8 बजे कंपनी से सपना-संगीता इलाके से सवारी लेकर तेजाजी नगर छोड़ने का मैसेज मिला था। तीन युवक कार में बैठे और बायपास की ओर चलने को कहा। बायपास पहुंचने पर उन्होंने कार रुकवाई, रवि के साथ मारपीट की और रिवॉल्वर दिखाकर कार से बाहर निकाल दिया। रवि ने मालिक को सूचना दी और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। तेजाजी नगर पुलिस ने कार की तलाश शुरू की। देर रात कनाडिया बायपास पर पुलिस ने संदिग्ध कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागने लगे। घेराबंदी कर दो को पकड़ लिया गया, जबकि एक भाग निकला। पुलिस को आरोपियों के पास से हथियार भी मिले हैं। तीनों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

### सिक्योरिटी गार्ड की 12 बोर की बंदूक और मोबाइल चोरी




राउ क्षेत्र के लाभम पार्क टाउनशिप में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड की बंदूक और मोबाइल चोरी हो गया। घटना 27 जून की रात की है, लेकिन तीन दिन बाद गार्ड ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। शिकायतकर्ता महेंद्र कुमार श्रीवास लाभम पार्क में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 27 जून की रात ड्यूटी के दौरान उन्होंने अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक और मोबाइल सिक्योरिटी रूम में रखकर कुछ देर के लिए बाथरूम गए थे।

# डिप्रेशन में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**इन्दौर**

बारहवीं की पढ़ाई छोड़ घर पर ही रह रहे एक युवक ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। उस वक्त वह घर पर अकेला ही था शाम को जब युवक की मां और बड़ा भाई काम से लौटे तथा खटखटाने पर भी उसने दरवाजा नहीं खोला तो उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तब घटना का पता लगा। सूचना के बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को फंदे से उतार पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम आयुष वर्मा पिता राजेश वर्मा उम्र पच्चीस साल निवासी भागीरथपुरा है। उसने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। वह 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुका था और घर पर ही रहता था। पुलिस को पूछताछ में परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह माता-पिता और बड़ा भाई काम पर चले गए थे। दोपहर में मकान मालिक की बेटी की आखिरी बार आयुष से बातचीत हुई थी, जब उसने मोबाइल मांगा था। आयुष ने यह कहकर मना कर दिया कि उसके मोबाइल में बैलेंस नहीं है।

# इंदौर में आरटीओ ने की स्कूली वाहनों की जांचः 10 वाहन किए जब्त, 70 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला

**इंदौर**

इंदौर में स्कूली वाहनों की आरटीओ द्वारा विशेष चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की जांच हो रही है। बच्चों, पालकों से ड्राइवर-कंडक्टर के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। शहर में अलग-अलग क्षेत्र जैसे विजयनगर, पिपलिया हाना, रिंग रोड क्षेत्र में संचालित स्कूली की वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 10 स्कूली वाहन ओमनी वेन, ऑटो बिना दस्तावेज के स्कूली बच्चों का परिवहन करते पाए गए, जिन्हें जब्त किया गया। इन वाहनों में बच्चे भी क्षमता से अधिक थे। इन पर मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही कर 70 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। इससे पहले सोमवार को भी आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस ने कार्यवाही की थी। 5 बसों के फिटनेस निरस्त किए गए तो 16 बसों पर चालानी कार्रवाई की गई। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया धार रोड क्षेत्र में स्थित एक स्कूल कैंपस में वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की गई थी। टीम के सदस्यों ने 17 बसों की चेकिंग की, इसमें से 2 वाहनों के इमरजेंसी गेट जाम मिले। अग्निशमन यंत्र बंद था तो फर्स्ट एड बॉक्स भी सही नहीं मिला। विभाग ने मौके पर ही बस का फिटनेस सर्टिफिकेट निरस्त कर दिया।




### बसों में आपातकालीन गेट की जगह सीट लगी मिली

पुलिस-प्रशासन और कोर्ट की तमाम गाइडलाइन के बाद भी बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ जारी है। सोमवार को परिवहन विभाग की जांच में स्कूल बसों में गंभीर खामियां मिली थी। कुछ स्कूल बसों में इमरजेंसी गेट बंद था तो कुछ बसों में स्पीड गवर्नर ही बंद था। सोमवार को अफसरों ने सड़कों पर दौड़ रही स्कूल बसों के साथ तीन स्कूल कैंपस में जाकर जांच की थी। टीम को कुछ बसों में आपातकालीन गेट की जगह सीट लगी मिली थी।

# इंदौर-चंडीगढ़ के बीच 14 जुलाई से डेली फ्लाइटः अभी हफ्ते में 3 दिन थी; 5 हज़ार रुपए है बेसिक किराया

**इंदौर**

इंदौर से चंडीगढ़ हवाई यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है। इंदौर से सबसे अधिक उड़ानों का संचालन करने वाली इंडिगो एयरलाइंस 14 जुलाई से इस रूट पर डेली उड़ान शुरू करने जा रही है। अभी यह फ्लाइट सप्ताह में केवल 3 दिन संचालित होती है, लेकिन यात्रियों की मांग को देखते हुए कंपनी ने इसे सप्ताह में सातों दिन संचालित करने का निर्णय लिया है। इंदौर ट्रेवल एजेंट्स प्रदीप पालीवाल ने बताया कि लंबे समय से दोनों शहर के बीच में उड़ान को डेली संचालित करने की मांग कर रहे थे। अब हमारे इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए इंडिगो ने इस उड़ान की बुंकिग भी शुरू कर दी है। इससे दोनों शहरों के बीच व्यापारिक और पारिवारिक यात्राओं को सुविधा मिलेगी। इस कदम से इंदौर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी में भी इजाफा होगा। एजेंट ने बताया कि इंदौर से चंडीगढ़ के लिए अब रोजाना उड़ान मिलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। कंपनी पहले सप्ताह में तीन दिन इसे चंडीगढ़ तो तीन दिन इसे जम्मू के लिए संचालित करती थी, लेकिन अब कंपनी ने जम्मू उड़ान को बंद कर दिया है।

# जाम में हुई मौतों को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हो

**इन्दौर**

विगत दिनों इंदौर बायपास पर लगे जाम में तीन लोगों की मौत के अलावा चोरल में सुरंग ढह जाने से दो लोगों की मौत के मामले में एनएचएआई के अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। किसान नेता हंसराज मंडलोई ने मांग करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारी सुरेश बांझल एवं वी. नागेश्वरम पर गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। मंडलोई का कहना है कि बायपास पर जाम टोल कंपनी को फायदा पहुंचाने की कोशिश के कारण लगा है। बायपास एवं पुराने मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एनएचएआई विगत 20-25 सालों से टोल वसूल कर रहा है। इसके रखरखाव के साथ अन्य जवाबदारी भी इसी विभाग की है। इसके बाद भी अधिकारियों ने टोल कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए सांठगांठ करके मांगलिया-व्यासखेड़ी रोड को बंद करवा दिया। जिसके चलते निरंजनपुर से देवास तक जाम लगा वहीं बायपास पर महाजाम लग गया।

# इंतजार खत्म... कर्मचारियों की पदोन्नति की तैयारियां तेज

## पहली डीपीसी में ही 90 प्रतिशत को मिल जाएगा प्रमोशन

**भोपाल**

मप्र में जिन शासकीय सेवकों का 9 साल से ओहदा नहीं बढ़ा, अब उन्हें जल्द ही पदोन्नति मिलेगी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने उच्चस्तरीय बैठक में यह डेडलाइन तय कर दी है। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद बाद सभी विभागों ने विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें बुलाने की तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग प्रमुखों ने अपने मातहत अधिकारियों को डीपीसी जल्द करने के निर्देश दिए हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक डीपीसी की पहली बैठक के बाद ही प्रदेश के करीब साढ़े चार लाख कर्मचारियों को प्रमोशन मिल जाएगा। यह पदोन्नति के लिए पात्र कुल कर्मचारियों की संख्या का 90 प्रतिशत है। ये वे कर्मचारी हैं, जो दिसंबर, 2024 की स्थिति में पदोन्नति के लिए पात्र हैं।




गौरतलब है कि सीएस ने निर्देश दिया है कि अफसर-कर्मियों की गोपनीय चरित्रावली (सीआर) अधिकतम 1 सप्ताह में लिखें। विभागीय पदोन्नत समिति (डीपीसी) की बैठक कर हर हाल में 31 जुलाई तक पदोन्नति दें। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद कर्मचारियों की पदोन्नति की तैयारियां तेज हो गई हैं। सभी विभागों को पहली डीपीसी 31 जुलाई से पहले करना है, ताकि दिसंबर 2024 की स्थिति में रिक्त पदों पर पदोन्नति की जा सके। दूसरी डीपीसी सितंबर से नवंबर के बीच करना है, ताकि दिसंबर 2025 की स्थिति में रिक्त पदों पर पदोन्नति की जा सके। इसके बाद अगले साल सितंबर से नवंबर के बीच दिसंबर, 2026 की स्थिति में रिक्त होने वाले पदों के लिए डीपीसी करना है।

नगरीय प्रशासन विभाग में

### पदोन्नति के नए नियम

सरकार ने पदोन्नति के जो नए नियम बनाए हैं उसके अनुसार पदोन्नति के लिए रिक्त पदों को एससी (16 प्रतिशत), एसटी (20 प्रतिशत) और अनारक्षित में बांटा जाएगा। क्लास-1 अधिकारी के लिए लिस्ट मेरिट कम सीनियोरिटी के आधार पर, जबकि क्लास-2 और नीचे के पदों के लिए सीनियोरिटी कम मेरिट के आधार पर दावेदारों की सूची बनेगी। पूर्व में प्रमोशन पा चुके कर्मचारियों को रिवर्ट नहीं किया जाएगा, न रिटायर्ड कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। पदोन्नति से भरे जाने वाले हर संवर्ग के पद अलग से तय होंगे। डीपीसी में एससी-एसटी वर्ग का एक-एक अधिकारी शामिल होगा।

### पदोन्नत से करीब दो लाख पद होंगे रिक्त

कर्मचारियों के पदोन्नत होने से करीब दो लाख पद रिक्त होंगे, जिन्हें सीधी भर्ती के जरिए भरा जाएगा। उधर, सामान्य प्रशासन विभाग डीपीसी की तैयारी पूरी कर चुका है। अधिकारियों को विभागीय अपर मुख्य सचिव संजय दुबे की हरी झंडी मिलने का इंतजार है। अधिकारियों का कहना है कि जुलाई के पहले हफ्ते में डीपीसी की बैठक कर पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए जाएंगे। विभाग में करीब 600 कर्मचारियों को पदोन्नति मिलेगी। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भी कर्मचारियों की पदोन्नति की तैयारियां पूरी कर चुका है। आयोग जल्द ही 10 से ज्यादा कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी करेगा। बता दें कि हाल में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने एसीएस, पीएस, सचिव, आयुक्त और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर 31 जुलाई से पहले पूर्व डीपीसी की पहली बैठक बुलाने के निर्देश दिए थे, ताकि दिसंबर, 2024 की स्थिति में प्रमोशन के लिए पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा सके।

# लगभग 2 सौ बच्चों में से केवल एक दर्जन बच्चे ही पहुंचे स्कूल, प्राचार्य ने छुट्टी कर उन्हें भी भगा दिया

## निरीक्षण करते हुए आ धमके डीईओ, प्राचार्य सहित 9 शिक्षकों को नोटिस
## प्राचार्य ने बिना आवेदन के नदारद शिक्षकों का सीएल हाजिरी पंजी में चढ़ाया

**बिलासपुर**

कोटा विकासखंड के ग्राम खोंगसरा हॉयर सेकंडरी स्कूल के निरीक्षण में भारी अव्यवस्था पकड़ी गई। शनिवार को सवेरे की स्कूल में लगभग 2 सौ की दर्ज संख्या में से केवल एक दर्जन बच्चे उपस्थित हुए। स्कूल प्राचार्य ने इन बच्चों को पढ़ाई कराने के बजाय छुट्टी कर दी। उन्हें घर जाने को कह दिया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी इसी दौरान निरीक्षण करते हुए लगभग 11 बजे अचानक स्कूल पहुंच गए । पूछताछ किए जाने पूरा माजरा सामने आया। यही नहीं प्राचार्य ने बिना आवेदन पत्र के गैरहाजिर 4 शिक्षकों की उपस्थिति पंजी में सीएल चढ़ा दिया था। आवेदन पत्र मांगने पर बगलें झांकने लगे। श्री लहरें वहां प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदस्थ हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता और लापरवाही मानते हुए प्राचार्य सहित 9 शिक्षक और कर्मचारी को शो काज नोटिस



जारी किए हैं। बिना आवेदन पत्र के अनुपस्थित शिक्षकों में लेक्चरर एम मीणा, सविता गांगुली, व्यायाम निदेशक डॉक्टर किरण सरावगी और एक कर्मचारी डीके चतुर्वेदी शामिल हैं। कुछ शिक्षक उपस्थित जरूर थे। गप्पे हांकते पाए गए। स्कूल में अभी तक न तो उनके द्वारा टाइम टेबल जारी किया गया है और न ही पाठ्यक्रम पंजी बनाई गई है। डायरी भी संधारित होना नहीं पाया गया। ऐसे लापरवाह किस्म के गैर जिम्मेदार 4 शिक्षकों को भी नोटिस जारी की गई है। इसके विपरीत खैरा (छपोरा) स्कूल के निरीक्षण में व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। बच्चे उपस्थित थे। कापी किताब वितरित हो चुके हैं। बच्चे उत्साह के साथ मध्याह्न भोजन ले रहे थे।

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी, आवास मित्र, रोजगार सहायक और सचिव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर,**

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला बिलासपुर के जनपद पंचायत तखतपुर के ग्राम पंचायत बांधा में हितग्राही चयन में अनियमितता के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के विरूद्ध जनपद पंचायत स्तर पर गठित टीम के द्वारा जाँच की गई, जिसमें आवास मित्र श्री राजेश कुमार सोनवानी द्वारा कूटटरचना करते हुए फर्जी तरीके से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 6 हितग्राही जिसमें लैनी बाई/जनक राम गंधर्व, राजेश कुमार/कन्हैया,सरस्वती मरावी / रामस्वरूप, सोना/प्रदीप कुमार अग्रवाल, रामफल पोर्ते और गंगोत्री यादव के आवास की राशि का दुरूपयोग किया गया एवं अपने परिवार के सदस्यों का फर्जी पंजीयन एवं जियो टैगिंग करके संपूर्ण राशि का गबन करते हुए आहरण कर लिया गया। प्रकरण में तत्कालीन अस्थायी रोजगार सहायक श्री रितेश श्रीवास के द्वारा हितग्राहियों के आवासों का गलत पंजीयन एवं जियो टैगिंग किया गया एवं सचिव श्री दिलीप पात्रे के द्वारा ग्राम सभा में गलत दस्तावेजों को सत्यापित करते हुए गलत प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त संबंध में प्राप्त शिकायत में श्री राजेश कुमार सोनवानी, श्री रितेश श्रीवास एवं श्री दिलीप पात्रे के द्वारा गंभीर लापरवाही, फर्जीवाड़ा एवं राशि की अनियमितता बरती गई। उक्त संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तखतपुर द्वारा आवास मित्र श्री राजेश कुमार सोनवानी अस्थायी रोजगार सहायक श्री रितेश श्रीवास तथा सचिव श्री दिलीप पात्रे के विरूद्ध प्राथमिकी अपराध प्रकरण दर्ज कराया गया ।

# महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस

## प्राचार्य ने नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ

**बिलासपुर**

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चित्रकला, भाषण एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. के. भण्डारी द्वारा नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई तथा मादक पदार्थो के सेवन के रोकथाम हेतु प्राचार्य द्वारा छात्राओं को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि छात्राएं स्वयं नशे से दूर रहें एवं अपने परिवार एवं आस पड़ोस में भी जागरूकता फैलाएं। उन्होनें यह भी कहा कि मोबाईल का अधिक और अनावश्यक प्रयोग भी एक नशा है, इससे बचना भी आवश्यक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. के. के. भण्डारी के निर्देशन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यतिनंदिनी पटेल तथा आभार प्रदर्शन डॉ. बेला महंत द्वारा किया गया।

# न्यायधानी बिलासपुर में सरपंच रामीन सोनवाने व समाजसेवी तोरेन्द्र मनहर हुए सम्मानित



**सक्ती।**

सक्ती जिले के मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े सीपत की सरपंच श्रीमती रामीन सोनवाने व उनके समाजसेवी पति तोरेन्द्र सोनवाने का उनके समाजसेवी कार्यों के लिए टीजीबी मीडिया समूह ने राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार तोखन साहू, महापौर नगर निगम बिलासपुर श्रीमती पूजा विधानी, समाजसेवी व फिल्म निर्माता डॉ जेठू साहू, टीजीबी मीडिया के डायरेक्टर पुष्पा साहू, अमित कुमार मीडिया प्रभारी सहित सामाजिक प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस सम्मान प्राप्त करने के पश्चात मीडिया से बातचीत में सरपंच रामदीन सोनवाने ने इसे अपने लिए प्रेरणा बताते हुए यह सम्मान बड़े सीपत की जनता सहित क्षेत्रवासियों को? समर्पित किया। समाज सेवी तोरेन्द्र सोनवाने ने कहा कि सम्मान हमें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा बताया और टीजीबी मीडिया का धन्यवाद किया। गौरतलब हो कि सरपंच श्रीमती रामीन सोनवाने पूर्व में जनपद सदस्य भी रही है वहीं अब वर्तमान में बड़े सीपत की महिला सरपंच के रूप में जनसाधारण की सेवा कर रही है। वही उनके पति तोरेंद्र सोनवाने भी पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। दोनों ही जिले में अपने सेवाभावी कार्यों के लिए जाने व पहचाने जाते हैं।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# बरसात के मौसम में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में करे कार्य- कलेक्टर






**सक्ती**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियो को बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाले मौसमीं बिमारियों को ध्यान में रखते हूए अलर्ट मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले में डायरिया आदि की समस्या पाये जाने पर उसके ईलाज के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए है। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यो तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना अंतर्गत चिन्हाकिंत ग्रामो में विशेष रूप से आधार कार्ड, किसाान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड और पीएम जनधन खाता हेतु कैंपेन चलाकर शत प्रतिशत हितग्राहियो को निर्धारित समय सीमा में लाभांवित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फॉरेस्ट और उद्यान विभाग के अधिकारियों से पौधरोपण की तैयारियो की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की तहसीलवार विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा राजस्व कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, भू अर्जन के प्रकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वासु जैन, अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा श्री बालेश्वर राम, एसडीएम सक्ती श्री अरुण कुमार सोम,एसडीएम मालखरौदा श्री रूपेंद्र पटेल, जिला कोषालय अधिकारी श्री उपेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कावेरी मरकाम सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सक्ती पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारी/ कर्मचारियो को ससम्मान विदाई



सक्ती जिले में दिनांक 30.06.2025 को थाना डभरा मे पदस्थ उप निरीक्षक चिंतामणी मालाकार, थाना नगरदा मे पदस्थ सउनि श्याम कुमार राठौर, रक्षित केन्द्र मे पदस्थ प्र.आर.समय लाल यादव एवं आरक्षक दयाशंकर देवांगन को अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा भापुसे द्वारा पुष्पगुच्छ , साल -श्रीफल सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनको सेवा निवृत्ति बाद आगामी स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दिया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार मे आयोजित कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्रीमती अंजली गुप्ता, रक्षित निरीक्षक उमेश राय, स्टेनो निरीक्षक वाय.एन.शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय व पुलिस लाइन सक्ती के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे । पुलिस अधीक्षक महोदया के पूछने पर सेवा निवृत्ति अधिकारी/कर्मचारियो ने नौकरी के दौरान हुये अपने अनुभव को सबके समक्ष साझा किये। सभी ने अपना कार्यकाल अच्छा रहना बताए । पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा की पहल पर चारो सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारियो को सेवा निवृत्ति पर मिलने वाले सभी प्रकार के देय लाभ उनको प्रदान किया गया तथा कोई कार्य लंबित होने पर त्वरित निराकृत करने हेतु कार्यालयीन स्टाफ को निर्देषित किया गया। पुलिस अधीक्षक सक्ती द्वारा सेवा निवृत्त हुये अधिकारी/कर्मचारियो को आष्वस्त किया गया कि उन्हे कभी भी किसी भी प्रकार से सहयोग की आवष्यकता हो निःसंकोच फोन के माध्यम से बता सकते है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सौर ऊर्जा से संवरते सपने

**सक्ती**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा को घरों तक पहुंचाकर उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत सौर ऊर्जा अपनाने वाले नागरिकों को सब्सिडी प्रदान की जाती है। जिले में इस योजना से कई लोगों को फायदा हुआ है। नया बाराद्वार निवासी श्री गणेश चंद शर्मा ने अपने घर की छत पर 3 किलोवॉट का सोलर पैनल लगवाया, तब से उन्हें बिजली के बिल की फिक्र नहीं करनी पड़ती है। सरकार द्वारा शुरू की गयी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना श्री गणेश चंद शर्मा जैसे कई लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है। सूर्य की एनर्जी का इस्तेमाल कर लोग घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होने ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए बताया कि उन्होंने अपनी छत पर 3 किलोवॉट का सोलर पैनल लगाया है। इसके लिए उन्हें सरकार से 78 हजार की सब्सिडी भी मिली है। इससे उन्हें आर्थिक बचत हो रही है।

# ज्ञानकुंज पब्लिक स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

## शिक्षा से ही सफलता की हर मंजिल होती है हासिल-अधिवक्ता चितरंजय सिंह



**सक्ती**

शिक्षा से ही जीवन में सफलता की हर मंजिल हासिल होती है, यह बात छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय सिंह ने ज्ञान कुंज पब्लिक स्कूल सकरेली ब के शाला प्रवेशोत्सव के मुख्य अतिथि की आसंदी से बताते हुए कहा कि आज विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर उपस्थित अभिभावकों से विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य निर्माण सुनिश्चित करें । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासिन वास्तु विहार (सकरेली) के संचालक मनोज पटेल ने विद्यालय के साथ ही विद्यार्थियों के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए आयोजन को तारीफ ए काबिल बताया।कार्यक्रम का सफल संचालन ज्ञान कुंज के संचालक दुलीचंद साहू ने किया तो वहीं आभार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री वैष्णव ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की।इन पलों कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अभ्यगतों ने विद्यादायिनी मां सरस्वती के मूर्ति पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात विद्यालय प्रवेश द्वार में मुख्य अतिथि ने फीता काटने के बाद नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगा कर मिठाई खिलाया, तब कक्षा में प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर विगत कार्यकाल में प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया । आज प्रवेशोत्सव के अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही अभिभावकों की भारी उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की विभिन्न समस्याएं जनदर्शन में कुल 17 आवेदन हुए प्राप्त


**सक्ती**

जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई । जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वासु जैन, अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।जनदर्शन में तहसील




मालखरौदा अंतर्गत ग्राम छोटे रबेली निवासी श्री सोन साय भारद्वाज द्वारा मोटर ट्रायसायकल दिलाने के संबंध में, नंदौर कला निवासी श्री शिव लाल कुर्रे द्वारा पूर्वजो की जमीन को उनके नाम हस्तांतरण करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम सलिहाभाठा निवासी श्रीमती दुर्गा बाई चौहान ने मनरेगा अंतर्गत पशु सेड स्वीकृत करने के संबंध में, वार्ड क्रमांक 6 सक्ती निवासी श्री रिजवान खान द्वारा शासकीय नाली पुनर्निर्माण करने के संबंध में, तहसील डभरा धौराभाठा के समस्त ग्रामवासीयो द्वारा ग्राम धौराभाठा में संचालित उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत धौराभाठा को दिलाने एवं आश्रित ग्राम गाड़ामोर में चावल वितरण करवाने के सम्बंध में, समस्त ग्रामवासी कांदानारा द्वारा अतिशेष शिक्षक की मांग हेतु सहित विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया। उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र के लिए संपर्क करें पेपर, विज्ञापन, समाचार ,एजेंसी हेतु संपर्क करें आपके अपने क्षेत्र के लिए



धर्मेंद्र वस्त्रकर
स्थानीय संपादक कार्यालय बिलासपुर

# सीएम राइज स्कूल का पहुंच मार्ग हुआ बदहाल, बच्चों को हो रही भारी परेशानी

अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा

मण्डला/नारायणगंज- जिले के नारायणगंज विकासखंड अंतर्गत टिकरिया में संचालित हायर सेकंडरी स्कूल, जिसे हाल ही में सीएम राइज स्कूल का दर्जा प्राप्त हुआ है, वहां स्कूल भवन का निर्माण कार्य जारी है। लेकिन निर्माण कार्य में लगे भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के चलते स्कूल का मुख्य पहुंच मार्ग पूरी तरह से बदहाल हो गया है। बारिश के कारण पूरे मार्ग में कीचड़ फैल चुका है, जिससे स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ से सना मार्ग बच्चों के लिए न केवल असुविधाजनक है, बल्कि जोखिम भरा भी बन गया है। कई बार तेज रफ्तार में गुजरते भारी वाहनों के कारण बच्चों पर कीचड़ के छींटे पड़ जाते हैं, जिससे उनकी यूनिफॉर्म गंदी हो जाती है और उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि जिस निर्माण एजेंसी को स्कूल भवन का कार्य सौंपा गया है, उसे यह पहले से ध्यान में रखना चाहिए था कि जून माह से स्कूल सत्र की शुरुआत हो जाएगी और यह समय वर्षा ऋतु का भी होता है। ऐसे में मार्ग को दुरुस्त रखने या वैकल्पिक सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था करना अनिवार्य था।







स्थानीय लोगों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन से मांग की है कि तत्काल इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा न आए और उन्हें सुरक्षित एवं स्वच्छ मार्ग उपलब्ध हो सके।

## इनका कहना है -

इस मार्ग पर ठेकेदार के वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। मैंने कई बार ठेकेदार से मरम्मत कराने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। आज पुनः मैं स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं।÷

**- अविनाश शर्मा**
**उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, शिक्षा समिति जनपद पंचायत, नारायणगंज, जिला मंडला**

मेरे द्वारा अनेकों बार ठेकेदार को रोड़ मे मरम्मत के लिए बोला किन्तु मेरी बात नही मानते हुए बार डंफर चलवा रहे हैं जिससे रोड़ स्थिति और खराब हो रही है।

**काली चरण मार्को**
**सरपंच**
ग्राम पंचायत पटेहरा, नारायणगंज

इस मार्ग मे बच्चों के साथ शिक्षकों को भी आने जाने पर परेशानी हो रही यहां तक हम लोगों के वाहन फस भी जाते हैं, ठेकेदार से बोलने पर ध्यान नही दिया जा रहा है, इस संबंध मे वरिष्ठ कार्यालय को सूचित किया जाएगा।

**अर्चना नेमा**
**प्रभारी प्राचार्य**
**सीएम राइज शा.हा.से. विद्या.टिकरिया, नारायणगंज**

# ग्राम पंचायत मेंहदवानी में लाखों के घोटाले का आरोप

## रोजगार सहायक पर अपने पत्नी,पुत्र के नाम पर बिलिंग करने का मामला

दुर्गेश बर्मन/डिंडौरी/फतवा

जिले में आए दिन नए नए कारनामे उजागर हो रहे है। जहां सिर्फ ओर सिर्फ जहां आम आदमी का हक ओर शासन की राशि का खेला का कारोबार बड़े ही जोर शोर से चल रहा है। हालांकि ये कोई नई बात नहीं है जहां शासन की राशि की होली ना खेली जा रही हो यह आज के दौर पर आम बात है।न जाने इनके हौसले बुलंद होने में किस की सहभागिता है की ये निडरता पूर्वक बिना भय के लाखों रुपए को गोल मोल कर जाते है।ओर डकार भी नहीं लेते यह एक बहुत बड़ी बिंडवना है कि इसके बावजूद भी वह दिन तानकर राशि का आहरण कर बे खौफ नजर आते है।अगर यह सिलसिला यू ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब केबल कागजों पर ही तरक्कियो का गुणगान करेंगी शासन प्रशासन ओर धरातल कुछ ओर ही होगा ऐसा ही मामला जहा लाखों की खेली होली डिंडौरी जिले की मेंहदवानी जनपद पंचायत में एक ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक पर लाखों रुपये के शासकीय धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, इस रोजगार सहायक ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान अपनी पत्नी और पुत्र के नाम पर स्टेशनरी और ऑनलाइन सेवाओं के बिल लगाकर लाखों रुपये का भुगतान प्राप्त किया है।









### अनियमितताओं का स्वरूप

यह मामला केवल एक या दो भुगतान का नहीं, बल्कि एक सुनियोजित अनियमितता का परिणाम प्रतीत होता है जो लंबे समय से चल रही है। गांव के जागरूक नागरिकों ने बताया कि पंचायत में अधिकतर बिल उन्हीं व्यक्तियों के नाम पर जारी होते हैं जो रोजगार सहायक के पारिवारिक सदस्य हैं। इससे हितों का सीधा टकराव होता है और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, भुगतान की गई राशि कई बार किए गए काम की वास्तविकता से मेल नहीं खाती।

### आरोपों में शामिल हैं

ऑनलाइन सेवाओं के लिए हजारों रुपये का अनुचित भुगतान।
प्रिंटिंग और स्टेशनरी के नाम पर फर्जी खाता नंबरों में राशि का हस्तांतरण।
स्टेशनरी मटेरियल सप्लाई के नाम पर अपने संबंधियों को अनुचित लाभ पहुँचाना।

### ग्रामीणों की शिकायत और कार्रवाई की मांग

इस मामले को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि केवल जांच की घोषणा से कुछ नहीं होगा, बल्कि अब प्रत्यक्ष प्रशासनिक कार्रवाई की आवश्यकता है। इस भ्रष्टाचार का पूरी तरह से खुलासा हो सके। उनका मानना है कि RTI (सूचना का अधिकार) के माध्यम से भी और अधिक भ्रष्टाचार के राज खुल सकते हैं। ग्रामीणों ने जोर दिया है कि यदि इस मामले में सख्त कदम नहीं उठाया गया, तो ऐसी अनियमितताएं अन्य पंचायतों में भी फैल सकती हैं, जिससे शासकीय धन का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग होगा।

### इनका कहना है

हम समान खरीदे है तो बिल लगाए है हमको जरूरत है जब भी जरूरत पड़ती है हम समान सुबह साथ रात कभी भी समान उठा लेते है

**मेहदवानी सचिव,गणेश प्रसाद साहू**

मीडिया के माध्यम से और बिल देख कर जानकारी मिली है और कोई भी सरकारी कर्मचारी अपने परिवार जनो का बिल नहीं लगा सकता अगर ऐसा हुआ है तो जांच कर उचित कारवाही की जाएगी

**प्रमोद ओझा जनपद सीईओ मेहदवानी,**

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 146लोगो ने दिया अपना आवेदन जन सुनवाई में ही कई आवेदनो का कलेक्टर ने कराया निराकरण



सिंगरौली

जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 146 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, एसडीएम सृजन बर्मा,नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, देवेन्द्र द्विवेदी, तहसीलदार सविता यादव , जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# समर्थ विश्वकर्मा म.प्र. वूशु टीम में शामिल वूशु जूनियर नेशनल खिलाड़ी हैदराबाद रवाना

मंडला

कोच पूर्णिमा रजक द्वारा दी जानकारी के अनुसार दिनांक 01 से 06 जुलाई 2025 तक हैदराबाद में 24वी जूनियर राष्टीय वूशु स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मध्यप्रदेश वूशु दल के 21 खिलाड़ी भाग लेगे
मध्य प्रदेश वूशु दल में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी शामिल है जिसमें मंडला जिले के 01 खिलाड़ी शामिल हैं 07 से 08 जून को जूनियर चयन स्पर्धा जो कि देवास में आयोजित की गई थी इस प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था वहीं इस राष्टीय स्पर्धा में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे जिले के खिलाड़ी समर्थ विश्वकर्मा ने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था
समर्थ टीम कोच पूर्णिमा रजक के साथ प्रतियोगिता में भाग लेगा
इस स्पर्धा में संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 1500 खिलाड़ी और 60 ऑफिशियल भाग लेंगे और इस स्पर्धा के चयनित खिलाड़ी आगामी अंतरराष्टीय वूशु स्पर्धाओं में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे । सभी खेल प्रेमी ने राष्टीय वूशु स्पर्धा हेतु शुभकामनाएं दी




## महापौर ने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड का निरीक्षण कर जानी नागरिकों की समस्या

**कटनी।** नगर विकास के साथ-साथ नागरिकों की सुगमता से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानें हेतु सदैव तत्पर रहनें वाली महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पन्ना मोड, पेट्रोल पंप के पीछे स्थित बस्ती का औचक निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं जानी तथा मौजूद अधिकारियों को जल निकासी की सुविधा हेतु नाली का प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शकुंतला सोनी क्षेत्रीय उपयंत्री अश्विनी पांडेय सहित स्थानीय नागरकों की मौजूदगी रही। नागरिकों को निगम प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं को परखनें पहुंची महापौर श्रीमती सूरी को निरीक्षण के दौरान सरला नगर के निवासी सोहनलाल श्रीवास्तव नें बताया कि नाली से उचित जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न होने के कारण क्षेत्रीय जनों का आवागमन भी प्रभावित होता है।

# बिजली विभाग का जनहित में संदेशः बारिश में रखें विशेष सावधानी, हादसों से बचें

रिपोर्टःदुर्गेश बर्मन

डिंडौरी (फतवा) बिजली विभाग द्वारा मानसून के मौसम में आमजन को बिजली जनित हादसों से बचाव हेतु विशेष सावधानियां बरतने की अपील की गई है। विभाग ने कहा है कि बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर घबराएं नहीं, फोन करने के बजाय सुधार कार्य पूर्ण होने तक धैर्य रखें।

बिजली विभाग द्वारा निम्न सावधानियों का पालन करने का आग्रह किया गया है-

1.बिजली के खंभों को न छुएं, वे गीले होने पर जानलेवा हो सकते हैं।
2.मवेशियों को खंभों से न बांधें, करंट फैलने की आशंका बनी रहती है।
3.बिजली लाइनों के नीचे कोई भी आयोजन न करें।
4.नए भवनों के निर्माण में बिजली लाइन से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
5.खेतों की जुताई के समय खंभों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।
6.यदि किसी खंभे से स्पार्किंग हो रही हो तो तुरंत फीडर इंचार्ज, जेईएन या संबंधित सब स्टेशन को सूचित करें।



7.खंभे पर स्पार्किंग और आसपास पानी भरा हो तो उस रास्ते से न जाएं और दूसरों को भी सावधान करें।
8.बिजली तारों के पास लगे पेड़ों पर न चढ़ें।
9.लाइन या ट्रांसफार्मर पर किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें, कुंडी डालने जैसी हरकतें गंभीर हादसे का कारण बन सकती हैं।

बिजली विभाग ने कहा है कि बारिश के समय विद्युत कर्मचारियों को जोखिम उठाकर खंभों और सब स्टेशन पर मरम्मत करनी पड़ती है। ऐसे में उपभोक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे संयम रखें और मरम्मत कार्य में सहयोग करें।

# पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक के साथ छात्र-छात्राओं और पुलिसकर्मियों ने लगाए पौधे

**कटनी।** पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को हरियाली महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पौधों का रोपण किया गया। पुलिस लाइन और अन्य थानों के कर्मचारियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परिसर में छायादार और फलदार पौधों की विभिन्न प्रजातियां रोपी गईं। एसपी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अनमोल हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना जरूरी है। सभी उपस्थित लोगों ने पौधारोपण में भाग लेकर हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस पहल से समाज में पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया गया।

# सरकार का प्रयास समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलाना - मंत्री श्रीमती संपतिया उइके

## धरती आबा जन भागीदारी एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन में हुई शामिल

अनवर खान ब्यूरो चीफ फतवा

मंडला,,,,जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान आप सबकी मेहनत, समर्पण और लोगों के सहयोग से ही सफल हुआ है। जन सहभागिता से इस अभियान में जन आंदोलन का रूप लिया। जिले में बड़े पैमाने पर जल संरचनाओं पर काम हुआ है। यह बात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जिला योजना भवन में आयोजित धरती आबा अभियान एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, श्री प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य द्वय श्री शैलेष मिश्रा एवं श्री संदीप सिंह, श्री जयदत्त झा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, एडीएम श्री राजेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री अरविंद सिंह मौजूद थे। मंत्री श्रीमती उइके ने कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान का समापन अवश्य हो रहा है किन्तु इसके अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियाँ सतत रूप से जारी रहनी चाहिए। प्रदेश में पहली बार जल गंगा संवर्धन अभियान में तकनीक के साथ बनाए गए खेत तालाब, कूप रिचार्ज पिट और अमृत सरोवर का सुखद परिणाम भी दिखने लगा है। मानसून की पहली ही बारिश में खेत तालाबों में पानी भरना शुरू हो गया है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन, जलदूत एवं जल सखियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बारिश की हर बूंद सहेजने, पुराने जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करने और जल संरक्षण के लिए नई संरचनाओं का निर्माण करने के लिए 90 दिनों तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। यह जल संरक्षण और पुनः उपयोग की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। जिले में इस अभियान के अंतर्गत जलदूत और जल दीदियां भी बनाई गई हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पानी बचाने के लिए यह जलदूत जल सुरक्षा के भी अग्रदूत बनेंगे। जिले में माय भारत पोर्टल पर 3700 वॉलेंटियर्स बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरूद्ध 5588 वॉलेंटियर ने अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए स्वयं को इस काम से जोड़ा है। मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि जिले की 9 विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में पानी चैपाल का आयोजन किया। इसमें किसानों ने अपने गांव के खेतों, जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विचार विमर्श किया। इस अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार है जनभागीदारी। सरकार, शासन-प्रशासन, समाजसेवी और प्रदेश के आमजन ने इस अभियान में सहभागिता निभाई है। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) भारत सरकार के प्रमुख मिशन हैं जो जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास और लाभ संतृप्ति के लिए समर्पित हैं। इस अभियान का लक्ष्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को खत्म करना और जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। अभियान में जनजातीय आबादी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। सरकार का यह प्रयास है कि समाज के हर तबके तक सरकार की योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों को पहुंचाना है। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि जनपद पंचायत मंडला द्वारा नवाचार के रूप में वॉश ऑन व्हील्स की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य हमारे आसपास साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण निर्मित करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन देश भर में व्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया था। इसका व्यापक असर दिखाई दे रहा है। मंत्री श्रीमती उइके ने मंच से आग्रह किया कि आप सब अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखें ताकि बरसात के मौसम में आप स्वस्थ रहें। प्रदेश स्तर पर जुलाई माह में पौधरोपण का भी कार्यक्रम शुरू किया जाएगा और आने वाले रक्षाबंधन के त्यौहार पर लाड़ली बहनों को पुनः प्रदेश सरकार 250 रूपए की अतिरिक्त राशि बहनों को देने जा रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में सर्वाधिक काम गोंडवाना वंश के शासनकाल में हुए हैं। वीरांगना रानी दुर्गावती ने जनकल्याण की दिशा में यह सार्थक पहल की थी। इसकी झलक हमें जबलपुर और उसके आसपास बनाए गए ताल-तालाबों के रूप में दिखाई देती है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की। इसके अंतर्गत प्राचीन जल संरचनाओं के पुर्नउद्धार के कार्य किए गए। साथ ही नवीन जल संरचनाओं का भी निर्माण किया गया। इन जल संरचनाओं के निर्माण से निश्चित ही क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और किसानों के आर्थिक उन्नति के द्वार खुलेंगे।




इस अवसर पर श्री प्रफुल्ल मिश्रा, श्री संदीप सिंह, श्री शैलेष मिश्रा, श्री संदीप सिंगौर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके एवं अन्य अतिथियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। साथ ही धरती आबा अभियान के अंतर्गत लगाए गए शिविर में बनाए गए नवीन आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के उपरांत वॉश ऑन व्हील्स, स्वच्छता साथियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला योजना भवन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा धरती आबा अभियान अंतर्गत शिविर भी लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा व सुना गया।

न्यूज ब्रीफ

## प्रीपेड बिजली...मोबाइल रिचार्ज की तर्ज पर पहले पैसा जमा करो फिर मिलेगी बिजली

भोपाल। बिजली व्यवस्था में लगातार नवाचार जारी है। प्रदेश में स्मार्ट मीटर के बाद अब प्रीपेड बिजली व्यवस्था की शुरुआत होने जा रही है। सबसे पहले सरकारी कार्यालय, स्कूल, अस्पताल आदि को इस व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियों के अधिकारियों की इस बारे में बैठकें जारी हैं, यानी मध्यप्रदेश में अब मोबाइल रिचार्ज की तर्ज पर पहले पैसा जमा करने के बाद बिजली मिलेगी। स्मार्ट मीटरीकरण के बाद अब प्रदेश की तीनों ही बिजली कंपनियां प्रीपेड बिजली प्रणाली पर भी कार्य कर रही हैं। शासन ने सबसे पहले शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड बिजली व्यवस्था पर सहमति दी हैं, इसके बाद भोपाल, इंदौर, जबलपुर कंपनियों ने बड़े शहरों में शासकीय उपभोक्ताओं की सूची बनाना प्रारंभ कर दी हैं ,ताकि जल्दी से इनकी बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड मोड पर लागू की जा सके। शुरुआत में प्रदेश के करीब पचास हजार शासकीय कार्यालयों में बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड करने की तैयारी हो रही है। इसके लिए इन शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर होना जरूरी हैं, सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर इंदौर कंपनी क्षेत्र में लगे हैं, लिहाजा सबसे ज्यादा शासकीय कार्यालय भी प्रीपेड मोड पर इंदौर क्षेत्र में ही होंगे। प्रारंभिक सूचना के आधार पर अभी पचास हजार के करीब शासकीय कार्यालय प्रीपेड होने की तैयारी हैं, जिसमें से इंदौर कंपनी क्षेत्र के पच्चीस हजार एवं भोपाल, जबलपुर दोनों कंपनियों से संबंधित कुल 25 हजार शासकीय कार्यालय प्रीपेड किए जाएंगे। शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड करने की तैयारी के लिए इन कार्यालयों की मौजूदा मासिक खपत के साथ ही पिछले दो वर्ष की कुल खपत के खाते खंगाले गए हैं।

## बड़ा तालाब में पानी बढ़ा

भोपाल। भोपाल में मंगलवार-बुधवार की रात में करीब 3 इंच बारिश हो गई। इससे बड़ा तालाब में पानी का लेवल आधा फीट तक बढ़ गया है। बारिश की वजह से शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया। अल्पना टॉकीज तिराहे की सडक़ पर पानी भरने से गाडिय़ां रेंगती हुई चल रही है। बारिश की वजह से भोपाल के सीवेज सिस्टम की पोल भी खुल गई है। हमीदिया रोड पर पिछले एक साल से सडक़ और नाले का निर्माण चल रहा है। बावजूद पहली ही तेज बारिश में सडक़ पर एक फीट तक पानी भर गया है। इस कारण बुधवार सुबह से ही वाहन रेंगते हुए गुजर रहे हैं। कई लोग रेलवे स्टेशन भी समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। सरकारी प्रेस के पास अंबेडकर ब्रिज की सर्विस रोड पर भी पानी की निकासी नहीं होने से जलभराव की स्थिति बन गई है। नादरा बस स्टैंड के पास भी सडक़ पर पानी भरने से दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। टू व्हीलर और पैदल राहगीरों को गुजरने में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही हैं। यहां सडक़ पर एक फीट तक पानी भरा हुआ है। रात में भोपाल के अलावा बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया में भी बारिश हुई। इस वजह से करीब आधा फीट पानी बढ़ गया। मंगलवार सुबह तक तालाब में वाटर लेवल 1658.55 फीट था, जो बुधवार सुबह 1658.90 फीट तक पहुंच गया।

## मप्र के 18 आयुर्वेद कॉलेजों को मिली मान्यता

भोपाल केंद्रीय आयुष मंत्रालय और नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन नई दिल्ली ने सत्र 2025-26 के लिए मध्यप्रदेश के 18 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दी है। इनमें भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, इंदौर और बुरहानपुर के 7 शासकीय आयुर्वेद कॉलेज और 11 निजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन ने देश में दूसरे नंबर पर मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा आयुर्वेद कॉलेजों को मान्यता दी है। हालांकि, प्रदेश के 16 अन्य कॉलेजों सहित देशभर के 482 आयुर्वेद कॉलेजों की मान्यता पर निर्णय होना बाकी है। भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद कॉलेज को 75 यूजी और 74 पीजी सीटें मिली हैं। वहीं, भोपाल के स्कूल ऑफ आयुर्वेद साइंस, सरदार अजीत सिंह स्मृति आयुर्वेद कॉलेज, रामकृष्ण कॉलेज ऑफ आयुर्वेद और मानसरोवर आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज को 100-100 यूजी सीटों पर मान्यता दी गई है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश सहित देशभर के सभी आयुर्वेद कॉलेजों में प्रवेश नीट 2025-26 के परिणामों के आधार पर ही होंगे। मध्यप्रदेश में यूजी की लगभग 3000 सीटों सहित देशभर के 598 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में 42 हजार से अधिक सीटें हैं।

## टेक्सटाइल का हब बनेगा धार

भोपाल । धार जिले के पीएम मित्र पार्क के पहले चरण के निर्माण कार्यों के लिए 773 करोड़ रुपए के टेंडर जारी हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना है और कहा है कि यह सौगात कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में एमपी के लिए नई शुरुआत साबित होगी। बुधवार को एक्स पर किए गए ट्वीट में सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को एक और सौगात दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित कोतमा दौरे की तैयारियों को लेकर प्रशासन सक्रिय

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



अनूपपुर

कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोतीउर रहमान द्वारा आज अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 जुलाई 2025 को अनूपपुर जिले के कोतमा में प्रस्तावित दौरे कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा स्थित मैदान का अवलोकन कर मंच निर्माण, सभा स्थल, ग्रीन रूम, प्रदर्शनी स्थल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कोतमा एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभा स्थल पर समुचित बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, सुविधा गृहों का निर्माण, आम जनों की बैठक व्यवस्था तथा प्रकाश बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री पंचोली ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से पूर्व सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी आपसी सामंजस्य स्थापित कर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया हेलीपैड स्थल चंगेरी का निरीक्षण**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 4 जुलाई को कोतमा में प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इस क्रम में आज कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोतीउर रहमान द्वारा ग्राम चंगेरी में निर्माणाधीन हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री पंचोली ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हेलीपैड पर वीआईपी आगमन को दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं आवश्यक सुविधाएँ समयसीमा में पूर्ण की जाएं। पुलिस अधीक्षक श्री रहमान ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए तथा सुरक्षात्मक इंतज़ामों की समीक्षा की। उन्होंने आगंतुकों की निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती के संबंध में भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अजीत तिर्की सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

चंदेरा

थाना परिसर में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी रश्मि जैन ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार हर मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जिसने शिकायत का समाधान वैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए सात दिवस में किया जाता है। वहीं उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है, जिससे आमजन का प्रशासनिक व्यवस्था में विश्वास बना रहे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जनसुनवाई प्रक्रिया को नियमित रूप से जारी रखा जाएगा, ताकि लोगों को न्याय और राहत समय पर मिल सके। इस दौरान दयाराम चक्रवर्ती, करन सिंह यादव, बृजेश शर्मा,सुनील निरंजन,धीरेन्द्र यादव, योगेंद्र दांगी, गणेश निरंजन, वीरन यादव, अरुण सेंगर, हृदेश बुंदेला, भारतेंद्र प्रजापति, रूपेश दीक्षित, राजेश राजपूत, राहुल टिकरियां, सुनीता चौहान, रुचि जाटव सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय आदिम महासंघ ने पचोर में किया प्रतिभाओं का सम्मान





राजगढ़

अखिल भारतीय आदिम महासंघ जिला इकाई राजगढ़ के तत्वाधान में पचोर में आदिम महा संघ के अंतर्गत आने वाली जातियों के कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण से स्वागत कर प्रशस्ति पत्र दिया गया इसके साथ ही प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों का नगद राशि से भी सम्मान किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया एवं अखिल भारतीय आदिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण गुजरातीथे आयोजन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि शिवनारायण गुजराती ने संबोधित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आयोजन में मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, भगवान सिंह गुजराती, माचलपुर युवा छात्र विजय गुजराती, रामस्वरूप घोलकर, धीरज सिंह, राम भरोसे, दीपक प्रेम नारायण, दुर्गेश पवार, प्रेम सिंह, पवार पीरुलाल, भील खेड़ी, प्रेम सिंह, भीलवाड़ीया, रमेश घोलकर, जगदीश अंतर, सिंह पांडवीय, हरिनारायण पांडवीय सहित कई समाज जन कार्यक्रम में मौजूद थे।

## तिलक एवं पुष्प वर्षा के माध्यम से नव प्रवेशितों का हुआ अभिनंदन

भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में मंगलवार को नवीन सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत भारतीय परंपरानुसार तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा के माध्यम से किया गया। संस्थान के नवीन विद्यार्थियों को संस्थान की उपलब्धियों, परंपराओं एवं सुविधाओं से परिचित




करवाने के उद्देश्य से स्नातक व स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के साथ समस्त संकायों के प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात संस्थान के शिक्षकों ने सिविल सर्विसेज में संस्थान से चयनित विद्यार्थियों, विक्रम अवार्ड से सम्मानित विद्यार्थियों, राष्ट्रपति से सम्मानित एनएसएस इकाई जैसी उल्लेखनीय संस्थागत उपलब्धियों से सभी को अवगत करवाया।

## दीनदयाल रसोई योजना का नपा सीएमओ सुनेरे ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

मानक स्तर पर नहीं हो रहा कार्य



सारंगपुर

शासन द्वारा चलाई जा रही दीनदयाल रसोई योजना में फर्जी इंट्री का मामला उजागर होने के बाद सारंगपुर में भी मंगलवार को दीनदयाल रसोई योजना केंद्र का कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे ने निरीक्षण किया। रसोई योजना के शाखा प्रभारी गिरीश गोखले को निर्देश दिए कि रसोई केंद्र पर प्रतिदिन भोजन कर रहे हितग्राहियों का नाम पोर्टल पर दर्ज कर हितग्राहियों का 10 प्रतिशत सत्यापन प्रतिमाह वरिष्ठ कार्यालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करे तथा योजना का प्रचार प्रसार करें, ताकि शहर के गरीब नागरिकों को भोजन मिले।

### निरीक्षण के दौरान मिली खामियां

नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे रसोई केंद्र का निरीक्षण। करने पहुंची तो कई प्रकार की विसंगतियां सामने आई जिसमें मिनी अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं था इतना ही नहीं रसोई में उपयोग होने वाला राशन भी खुले में पड़ा हुआ था केंद्र पर गंदगी का अंबार दिखा तो सीएमओ सुनेरे ने उपस्थित स्टॉप एवं शाखा प्रभारी को सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी व्यवस्था दिखी तो कार्यवाही की जायेगी तथा रसोई केंद्र पर भोजन में साफ सफाई रखने तय राशि से अधिक राशि न लेने ,सीसी टीवी कैमरे चालू रखने ऑनलाइन निगरानी रखने की हिदायत दी गई हैं।

## पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक के साथ छात्र-छात्राओं और पुलिसकर्मियों ने लगाए पौधे

कटनी

पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को हरियाली महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पौधों का रोपण किया गया। पुलिस लाइन और अन्य थानों के कर्मचारियों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। परिसर में छायादार और फलदार पौधों की विभिन्न प्रजातियां रोपी गईं। एसपी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अनमोल हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना जरूरी है। सभी उपस्थित लोगों ने पौधारोपण में भाग लेकर हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस पहल से समाज में पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, डीएसपी मुख्यालय उमराव सिंह और कई अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



राख नाले की सफाई में ठेकेदार और अधिकारी सीएमडी मंजीत सिंग की आंख में धूल झोंक कार्य में खानापूर्ति कर रहे

## चार लाख के ठेके में मात्र एक दिन झाड़ी हटाकर नाले के किनारे जमा कर दी राख, अब बारिश में वापस नाले में मिल रही



सारनी

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी में चार लाख के ठेके में अधिकारी और ठेकेदार मिलकर पावर जनरेटिंग कंपनी को चूना लगाते हुए सीएमडी मनजीत सिंग की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं। इनदिनों मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने वाले राख नाले की सफाई में भारी लापरवाही बरती जा रही हैं। इसलिए ठेकेदार ओर अधिकारी की जेब भरने वाला यह नाला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया हैं। जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने नाला सफाई के नाम पर संबंधित ठेकेदार से मात्र एक दिन 12 जून को दो जेसीबी लगाकर सिर्फ झाड़ी सफाई करवाई गई जो आप पहले वाली फोटो में देख सकते है। वही नाले का गहरीकरण किया जाना हैं, लेकिन खानापूर्ति करते हुए नाले से राख निकाल कर नाले के ही किनारे पर जमा कर दी गई है। जबकि ठेके के अनुसार राख निकाल कर नाप जोख कर ट्रक के माध्यम से ऐश डैम तक पहुंचाना होता है, लेकिन नाले से राख निकाल कर किनारे पर जमा कर दी गई। दूसरी फोटो 25 जून कि है जिसमें साफ साफ दिख रहा है कि तेज बारिश होने पर यह राख पुनः वापस नाले में मिलकर सतपुड़ा डैम जाने लगी है। फिर भी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मिलकर नाला सफाई के नाम पर माल सुतने में लगे हैं। सिविल विभाग के जानकारी सूत्र ने बताया कि करीब 4 लाख रुपए का यह काम इस बार जबलपुर मुख्यालय से बड़ी मुश्किल से स्वीकृत हुआ हैं। इसके पिछले वर्ष भी टेंडर हुए थे, लेकिन मुख्यालय ने टेंडर को निरस्त कर दिया था। ऐसी चर्चा हैं कि नाला सफाई के नाम पर भारी भ्रष्टाचार की बू जबलपुर मुख्यालय तक पहुंच गई थी। इसी वजह से 19 लाख का काम निरस्त कर दिया गया था। इस बार इतना कम दर पर काम लिया हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि राख नाले की सफाई में कितना गोलमाल आजतक किया गया होगा। इस बार नाला सफाई में बड़ी मुश्किल से ठेकेदार द्वारा एक दिन दो जेसीबी लगाकर झाड़ी सफाई कर 10 से 20 ट्राली राख निकालकर किनारे पर जमा कर चार लाख के काम में इतिश्री कर लिये जाने की चर्चा चल रही हैं। हमारे पास 12 जून नाले सफाई करने और 25 जून को राख पुनः डैम में मिलने के वीडियो फोटो उपलब्ध है। इस संबंध में जब वरिष्ठ अधिकारी से संपर्क किया गया तो जानबूझकर उनके द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया।

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक दो में पुस्तक पूजन कर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

माचलपुर

नगर केशासकीय प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 2 (सांदीपनि सीएम राइस कैंपस 2) में देवेंद्र वत्स सीएमओ नगर परिषद माचलपुर, इंजीनियर गोविंद सिंह नगर परिषद माचलपुर के आतिथ्य में गोविंद त्रिवेदी खेल शिक्षक की अध्यक्षता में विद्यालय के अवकाश पश्चात् लगने वाले प्रथम दिवस के अवसर पर नवाचार पुस्तक पूजन करके बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही सामाजिक जीवन में छात्रों की भूमिका को लेकर विभिन्न विषयों पर बच्चों से चर्चा की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती का पूजन कर अतिथियों का परिचय, स्वागत सहित प्रार्थना की गई। उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों को वर्ष भर में लगने वाली मुख्य अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण व अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों में स्वच्छता और सुरक्षा का भाव जागृत हो, वस्तुओं के प्रति संरक्षण के इस भाव से पुस्तक पूजन कार्यक्रम रखा गया। देवेंद्र वत्स सीएमओ द्वारा सामाजिक जीवन में छात्र की भूमिका को लेकर मिलने वाली पुस्तकों के रखरखाव को ध्यान में रखते हुए पुस्तक पूजा कर भाव जागृत करवाया गया, बच्चों को मौसम के दौरान विभिन्न प्रकार की सावधानियां और स्वच्छता, स्वच्छ जीवन के बारे में विस्तार से बताया और चर्चा की गई। गोविंद सिंह इंजीनियर द्वारा बच्चों को विद्यालय कैसे आना,



विद्यालय आने के बाद विद्यालय में किस प्रकार अध्ययन करना और विद्यालय के बाद की दिनचर्या के ऊपर लक्ष्य बनाकर कार्य करना के बारे में चर्चा की गई। गोविंद त्रिवेदी खेल शिक्षक द्वारा बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए खेल योग आदि के महत्व के बारे में बताया। शिक्षा के पंच पद में प्रथम दिवस में कक्षा पांचवी के बच्चों की शैक्षणिक सामग्री आवश्यकता जानकर उनकी पूर्ति विद्यालय शिक्षकों द्वारा की गई। अतिथियों का परिचय अब्दुल करीम खान शाला प्रधानाध्यापक द्वारा करवाया गया आभार वरिष्ठ शिक्षक ओम प्रकाश उपाध्याय द्वारा माना कार्यक्रम का आयोजन छात्र के विनय द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों की उपस्थित को लेकर के अतिथियों ने विद्यालय की गतिविधियों की प्रशंसा की जन चेतना का केंद्र बनाने में और बच्चों को विद्यालय लाने में विद्यालय अपनी माहिती भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चंद्र सोनी द्वारा किया गया।

## नगर में अवैध शराब और हाथ भट्टी शराब की बिक्री जोरों पर

पुलिस एवं आबकारी विभाग के साथ खेल रहे आंख मिचौली

सारंगपुर

अवैध मादक पदार्थ को लेकर पुलिस एवं आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करता है,इसके बाद भी अवैध मादक पदार्थ बेचने वाले किसी से नहीं डरते हैं नगर के मोहल्लों में रहने वाले सभ्य परिवार के लोग इन व्यापारियों की हरकतों से परेशान है कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्तो पर बताया कि अवैध शराब एवं हाथ भट्टी शराब की बिक्री मोहल्लों में हो रही हैं लोग उसे पीकर पन्नी सड़क पर फेक देते हैं जो हमारे घर तक या आंगन में खेल रहे बच्चों के हाथ लग जाती हैं इतना ही नहीं शराबियों कि अभद्र भाषा से घर की महिलाएं भी परेशान है उन्होंने समाचार पत्रों के माध्यम से पुलिस एवं आबकारी



विभाग से मांग की है कि गली मोहल्लों में अवैध रूप से बिक रही शराब एवं हाथ भट्टी शराब विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही करे,

### इनका कहना हैं

हमारा अभियान जारी है कार्यवाही की जायेगी,

**सौरभ कनासिया**
**आबकारी अधिकारी सारंगपुर**



# सारा के गॉर्जियस लुक से नजरें नहीं हट रही फैंस की

मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में, अपनी फिल्?म के प्रमोशन के दौरान बालीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान हल्के ब्रॉन्ज शेड की बलून मिनी ड्रेस में नजर आईं। उनके इस गॉर्जियस लुक से फैंस की नजरें नहीं हट रही थीं। यह ड्रेस उनकी पर्सनैलिटी और कंफर्ट का बेहतरीन मेल थी। हाई नेकलाइन और फ्लेयर्ड सिल्हूट वाली इस ड्रेस को बेहद खूबसूरती से डिज़ाइन किया गया था। फेदर डिटेलिंग ने इसे और भी खास बना दिया। बता दें कि यह कलर इन दिनों काफी ट्रेंडी है इस डिजाइन के ड्रेस आपको भी हर इवेंट में स्?पेशल अटेंशन दे सकती हैं। सारा की इस ड्रेस का सबसे आकर्षक हिस्सा उसकी फेदर एम्ब्रॉयडरी थी, जो इसे एक ग्लैमरस लुक दे रही थी। ड्रेस का बैक डिजाइन भी बेहद यूनिक था, जिसमें एक लंबा बो डिटेल दिया गया था, जो पूरे लुक को एलिगेंस का टच देता है। शॉर्ट हेमलाइन ने इसे परफेक्ट पार्टी और रेड कार्पेट आउटफिट बना दिया।

सारा ने इस ड्रेस के साथ अपने लुक को बैलेंस करने के लिए मिनिमल मेकअप चुना। नैचुरल टोन्स, लाइट ब्लश और न्यूड लिपस्टिक ने उनके पूरे लुक को फ्रेश और आकर्षक बनाया। बालों को उन्होंने स्लीक पोनीटेल में बांध रखा था, जो ड्रेस के स्टाइल को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट कर रहा था। सारा अली खान का यह लुक से आप यह आइडिया ले सकती हैं कि किस तरह सिंपल डिटेलिंग और सही स्टाइलिंग से आप किसी भी आउटफिट को खास बना सकती हैं। मिनिमल एक्सेसरीज़ और सही हेयर व मेकअप का सेलेक?शन किसी भी पार्टी या इवेंट के लिए आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। इस तरह कॉलेज इवेंट हो या ऑफिस, सारा का यह स्टाइल हर फैशन प्रेमी के लिए इंस्पिरेशन है।


सारा अली खान का यह फैशन स्टेटमेंट न केवल उनके स्टाइल को शो करता है, बल्कि यह बताता है कि कैसे आप एलिगेंस और ग्लैमर का बेहतरीन तालमेल कर सकते हैं। उनकी यह ड्रेस ट्रेंडी और क्लासी का परफेक्ट उदाहरण है, जिसे हर फैशन लवर अपनी वॉर्डरोब में शामिल करना चाहेगा। बता दें कि सारा इन दिनों अपनी आने वाली मूवी मेट्रो इन दिनों के प्रमोशन को लेकर काफी बिजी हैं। इस फिल्?म में सारा आदित्?य रॉय कपूर के साथ नजर आएंगी। सारा अली खान का फैशन सेंस हमेशा उनके फैंस और फैशन प्रेमियों को दिवाना बना देता है।

## सितारे जमीन पर की कमाई का ग्राफ 100 करोड़ के पार

सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। इस फिल्म की कमाई का ग्राफ 100 करोड़ के पार जा पहुंचा है। सितारे जमीन पर का बीते 9 दिनों में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 108 करोड़ 30 लाख रुपये हो चुका है। आमिर खान की पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर पिटी थीं जिनमें साल 2018 में रिलीज हुई ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान भी शामिल थी। फिल्म के बारे में एक हालिया इंटरव्यू में आमिर खान ने बताया कि कई एक्ट्रेसेज ने वो फिल्म ठुकरा दी थी। आमिर खान ने कहा, जब हम कास्टिंग कर रहे थे तो कोई हीरोइन वो फिल्म करने को तैयार नहीं थी।

# दिल्ली में 1 जुलाई से तय समय से अधिक पुराने वाहनों पर नया नियम हुआ लागू

## 10 साल पुराने डीजल और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं मिलेगा



नई दिल्ली ■ एजेंसी

दिल्ली में मंगलवार 1 जुलाई से 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को अब शहर के किसी भी पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं मिलेगा। यह फैसला राजधानी की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए लागू किया गया है। इस नियम को लागू करने के लिए दिल्ली के लगभग 500 पेट्रोल पंपों पर एआई आधारित ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकाग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे वाहन की नंबर प्लेट को स्कैन कर वह कितने साल पुराना है बता देते हैं। तय सीमा से अधिक पुराने वाहन की पहचान होने पर उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा। प्रत्येक पेट्रोल पंप पर अधिकारी तैनात रहेंगे। सभी पंपों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे वाहनों को ईंधन देने से इनकार करें और उनका रिकॉर्ड रखें। अगर कोई वाहन मालिक इस नियम का उल्लंघन करता है, तो 10,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, वाहन जब्त भी किया जा सकता है। दोपहिया वाहनों के लिए 5,000 रुपए जुर्माना तय किया गया है, सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे वाहन खड़े पाए जाने पर भी कार्रवाई होगी। दिल्ली में करीब 62 लाख पुराने वाहन हैं, जो प्रदूषण का बड़ा कारण बनते हैं। सरकार चाहती है कि लोग अब इलेक्ट्रिक वाहनों या पब्लिक ट्रांसपोर्ट की ओर रुख करें। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के 2018 के आदेश और एनजीटी के 2014 के निर्देशों के अनुरूप है, जिसमें कहा गया था कि 15 साल पुराने वाहनों को सार्वजनिक स्थानों पर पार्क नहीं किया जा सकता।

# नवरत्न कंपनी बीईएल को मिला 528 करोड़ का ऑर्डर

नई दिल्ली ■ एजेंसी

नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के स्टॉक्स में मंगलवार को जोरदार तेजी देखी जा रही है। बीईएल के शेयर मंगलवार को बीएसई में 3 फीसदी से अधिक चढ़कर 436 रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जिसके साथ ही नवरत्न कंपनी के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। यह तेजी तब आई जब कंपनी को 528 करोड़ रुपये का नया ऑर्डर मिलने की खबर सामने आई।




इस अपडेट ने निवेशकों के भरोसे और उत्साह को बढ़ा दिया। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेडको मिले इस ताजा ऑर्डर में कई अत्याधुनिक रक्षा और रणनीतिक उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों में रडार, कम्युनिकेशन सिस्टम्स, जैमर्स, शेल्टर्स, कंट्रोल सेंटर्स, स्पेयर्स, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन्स संबंधित सेवाएं शामिल हैं। इससे पहले भी कंपनी को 585 करोड़ रुपये और 537 करोड़ रुपये के अन्य रक्षा उपकरणों और सिस्टम्स से जुड़े ऑर्डर मिल चुके हैं, जो इसकी लगातार बढ़ती ऑर्डर बुक को बताता है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के स्टॉक्स ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। इसके शेयर पिछले पांच वर्षों में 1240 फीसदी से अधिक उछल गए हैं। 3 जुलाई 2020 को जहां इसका शेयर 32.42 रुपये था, वहीं 1 जुलाई 2025 को यह बढ़कर 435.95 रुपये तक पहुंच गया। पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 623 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं पिछले 3 साल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर 468 फीसदी बढ़ गए हैं। जबकि पिछले दो वर्षों में कंपनी के शेयरों में 245 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

# एलेनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेज का शेयर 23 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध




नई दिल्ली ■ एजेंसी

एलेनबेरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का शेयर बीएसई पर अपने निर्गम मूल्य से 23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 492 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 35.3 प्रतिशत चढ़कर 541.20 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 21.5 प्रतिशत चढ़कर 486 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 7,603.48 करोड़ रुपये रहा। एलेनबेरी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गुरुवार को 22.19 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ 400 करोड़ रुपये के नए शेयर और 452.53 करोड़ रुपये के 1.13 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस तरह निर्गम का कुल आकार 852.53 करोड़ रुपये है। इसके लिए 380-400 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। एलेनबेरी औद्योगिक गैस, सूखी बर्फ, सिंथेटिक हवा, अग्निशमन गैस, मेडिकल ऑक्सीजन, तरल पेट्रोलियम गैस, वेल्डिंग मिश्रण और विशेष गैस का विनिर्माण एवं आपूर्ति करती है।

# सरकार ने एफएसआईबी के चेयरपर्सन का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाया


नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की नियुक्ति करने वाली संस्था एफएसआईबी के चेयरपर्सन और अन्य सदस्यों का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) का कार्यकाल पिछले वर्ष भी एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया था। अब इस विस्तार के साथ, चेयरपर्सन और अन्य सदस्य 30 जून 2026 तक ब्यूरो में अपने पद पर बने रहेंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा एफएसआईबी के प्रमुख हैं। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एफएसआईबी के वर्तमान चेयरपर्सन और अंशकालिक सदस्यों के कार्यकाल को 30 जून 2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है जो एक जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इसके अन्य सदस्य ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) अनिमेष चौहान, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व कार्यकारी निदेशक दीपक सिंघल और आईएनजी वैश्य बैंक के पूर्व एमडी शैलेन्द्र भंडारी हैं। बीमा क्षेत्र में नियुक्तियों के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की पूर्व प्रबंध निदेशक उषा सांगवान, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ए. वी. गिरिजा कुमार तथा भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य (वितरण) सुजय बनर्जी के कार्यकाल को भी अंशकालिक सदस्य के रूप विस्तार दिया गया है।

# एनएमडीसी ने लगातार दूसरी बार किया कटौती का ऐलान

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सार्वजनिक खनन कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार, 1 जुलाई को 2.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।




गिरावट की वजह कंपनी द्वारा लगातार दूसरे महीने अपने प्रमुख उत्पादों की कीमतों में की गई कटौती है। एनएमडीसी ने लम्प ऑर की कीमत 600 रुपए से घटाकर 5,700 रुपए प्रति टन और फाइंस की कीमत 500 रुपए से घटाकर 4,850 रुपए प्रति टन कर दी है। यह नई दरें 1 जुलाई से प्रभावी हो गई हैं। इससे पहले जून में भी कंपनी ने 140-150 रुपए प्रति टन की कटौती की थी। हालांकि मार्च तिमाही में पेलट्स और अन्य खनिजों से कंपनी की आय बढ़ी थी लेकिन आयरन ओर की बिक्री से मिलने वाली प्रति टन आमदनी अनुमान से कम रही। इसके साथ ही कर्मचारियों और परिचालन लागत में बढ़ोतरी के चलते कंपनी के मुनाफे पर दबाव बना रहा।

# कोल इंडिया, हिंदुस्तान कॉपर के साथ खनिज क्षेत्र में करेंगे काम, दोनों ने गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हिंदुस्तान कॉपर के साथ एक समझौता किया है। सीआईएल ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि दोनों कंपनियों ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों में विभिन्न पहलुओं पर सहयोग के लिए सोमवार को गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले सीआईएल और आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने महत्वपूर्ण खनिजों के विकास पर सहयोग एवं सहभागिता के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य खनिज रेत और दुर्लभ खनिजों सहित महत्वपूर्ण खनिजों की परस्पर सहमत परिसंपत्तियों का विकास करना है। सीआईएल की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी तत्व जैसे खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल हैं। पवन टर्बाइन और बिजली तंत्र से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी निर्माण तक इनका उपयोग किया जाता है।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बराबरी के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

बर्मिंघम ■ एजेंसी

भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम यहां बुधवार से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी खराब फील्डिंग के कारण हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में अपनी कमजोरियों को दूर करना रहेगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही सफल रहे थे। वहीं अन्य गेंदबाज विफल रहे थे जिसका भी नुकसान उसे उठाना पड़ा था। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं। ऐसे में उसके लिए यह मुकाबला बेहद अहम है।



उसे सीरीज में बराबरी के लिए इसे जीतना ही होगा। इस मैच के लिए मेजबान टीम ने कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं भारतीय टीम बदलावों के साथ उतरेगी पर क्या बदलाव होंगे ये मैच से पहले ही पता चलेगा क्योंकि भारतीय टीम ने अभी तक अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों की घोषणा नहीं की है। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह को इस मैच में आराम दिया जाना है। ऐसे में उनकी जगह पर बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह या आकाशदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर स्थान कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।

## भारतीय टीम ने इसलिए दो रंगों वाली गेंद से अभ्यास किया : सहायक कोच

**बर्मिघंम।** यहां के एजबेस्टन मैदान मैदान पर भारतीय टीम ने बुधवार से होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए जमकर अभ्यास किया। इस दौरान खिलाड़ी दो रंग की गेंदों से अभ्यास करते दिखे। जसप्रीत बुमराह आधा सफेद और आधा लाल रंग की गेंद से गेंदबाजी की। इसके बाद टीम के अन्य गेंदबाजों ने भी दो रंगों की गेंद से गेंदबाजी की। भारतीय टीम जब से ही इंग्लैड दौरे पर आई है तभी से हर अभ्यास सत्र में एक से अधिक रंग वाली गेंदों से वह अभ्यास करती रही है।

# एजबेस्टन में बल्लेबाजी के अनुकूल पिच होने की संभावना : वोक्स

बर्मिंघम ■ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार से यहां बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे मैच में उतरेगी। यहां गरमी होने के कारण पिच सूखी है जिसको देखते हुए यहां समय बीतने के साथ ही स्पिनरों को भी सहायता मिलने की उम्मीद है। इसी कारण भारतीय टीम अपनी अंतिम ग्यारह का चयन मैच से कुछ समय पहले ही करेंगी। वहीं दूसरे ओर मेजबान इंग्लैंड ने इस मैच के लिए अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। एजबेस्टन के मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर भारत ने आठ मैच खेले हैं, जिसमें से उसे सात में हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मैच ड्रॉ रहा था। अभी इस सीरीज में मेजबान टीम 1-0 से आगे है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स एको उम्मीद है कि एजबेस्टन की पिच बल्लेबाजों के अनुरुप होगी। वोक्स ने कहा, हमारे गेंदबाजों ने लीड्स में अच्छी गेंदबाजी की थी और इस मैच में भी हमारा लक्ष्य वही लय बनाये रखना है।

# पुरुष एशिया कप हॉकी 2025 से पाकिस्तान का बाहर होना तय

नई दिल्ली ■ एजेंसी

बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 9 सितंबर तक पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 खेला जाएगा। भारत की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को शामिल किये जाने की कोई संभावना नहीं हैं। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा पर इस अधिकारी के अनुसार जिस प्रकार के तनावपूर्ण संबंध दोनो देशों के बीच हैं उसमें पाक का बाहर होना तय है। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को देखते हुए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को बाहर करने की मांग तेज हो गयी है।

# न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटिशियन में क्या अंतर होता है, एक्सपर्ट से जानें दोनों का काम एक दूसरे से है कितना अलग?

आज के समय में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ, लोग अपने खानपान और जीवनशैली पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसी कड़ी में, न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटिशियन जैसे शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं, लेकिन कई बार इन दोनों में भ्रम की स्थिति बनी रहती है। अक्सर लोग इन्हें एक ही मान लेते हैं, जबकि इनके कार्यक्षेत्र और योग्यता में कुछ बारीक अंतर होते हैं।डाइट क्लिनिक में आयुर्वेदिक डॉक्टर और पोषण विशेषज्ञ डॉ. अंजना कालिया ने इस अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया है कि दोनों का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करने में मदद करना है, लेकिन उनके दृष्टिकोण और कानूनी मान्यता में भिन्नता हो सकती है।




### क्या है डाइटिशियन का काम?

डाइटिशियन वह होता है जिसे किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से क्लीनिकल न्यूट्रिशन में औपचारिक शिक्षा और ट्रेनिंग मिली होती है। वह अस्पतालों, क्लीनिकों या स्वास्थ्य संस्थानों में काम करता है और विशेष रूप से उन लोगों के लिए डाइट प्लान बनाता है जो किसी बीमारी से ग्रसित होते हैं, जैसे डायबिटीज, किडनी डिज़ीज़, हृदय रोग या मोटापा। एक डाइटिशियन मेडिकल कंडीशंस को ध्यान में रखकर पोषण से जुड़ी सलाह देता है और दवाओं के साथ डाइट का तालमेल भी बिठाता है।

### क्या है न्यूट्रिशनिस्ट का काम?

न्यूट्रिशनिस्ट, दूसरी ओर आमतौर पर पोषण से जुड़ी सलाह देते हैं, लेकिन उनका फोकस हेल्दी लोगों को बैलेंस्ड डाइट अपनाने और जीवनशैली सुधारने पर होता है। वे वज़न घटाने, खेल पोषण, या सामान्य स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह दे सकते हैं। हालांकि, भारत में 'न्यूट्रिशनिस्ट' शब्द का इस्तेमाल कई बार बिना प्रोफेशनल डिग्री के भी किया जाता है, इसलिए किसी न्यूट्रिशनिस्ट से सलाह लेने से पहले उनकी योग्यता जान लेना जरूरी होता है।

दोनों ही विशेषज्ञ लोगों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद करते हैं, लेकिन डाइटिशियन अधिक तकनीकी और मेडिकल रूप से प्रशिक्षित होते हैं, जबकि न्यूट्रिशनिस्ट का काम अधिक सामान्य स्वास्थ्य मार्गदर्शन देना होता है। सही सलाह के लिए अपने स्वास्थ्य की ज़रूरत के अनुसार दोनों में से किसी एक का चयन करें।

# हाई यूरिक एसिड में भूलकर भी न खाएं ये प्यूरिन वाली सब्जियां वरना जोड़ों का हाल हो जाएगा बेहाल, हड्डियां हो जाएगी कमजोर

जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ जाता है, तो यह हमारी हड्डियों के लिए बहुत मुश्किल खड़ी कर देता है। इससे हड्डियों के बीच का गैप बढ़ने लगता है, दर्द इतना बढ़ जाता है कि चलना-फिरना तक मुश्किल हो जाता है और सूजन व दर्द से बुरा हाल हो जाता है। ऐसे में सबसे ज़रूरी है कि हम उन चीज़ों से दूर रहें जो शरीर में प्यूरिन बढ़ाते हैं। कुछ सब्जियां जो प्रोटीन से भरपूर होती हैं, वे भी इस लिस्ट में शामिल हैं। आइए जानते हैं ऐसी कौन सी सब्जियां हैं जिनसे यूरिक एसिड के मरीज़ों को बचना चाहिए-



### यूरिक एसिड के मरीज न खाएं ये सब्जियां:

मशरूम- मशरूम में प्रोटीन बहुत ज़्यादा होता है। लेकिन, अगर आपको हाई यूरिक एसिड या गाउट की समस्या है, तो मशरूम से दूरी बनाना ही बेहतर है। दरअसल, शरीर इसे पचाने के बाद प्यूरिन में बदल देता है, जो आपकी परेशानी को और बढ़ा सकता है।

मटर- मटर हम सभी को पसंद होती है और लोग इसे बेमौसम भी खाते हैं। लेकिन, मटर में प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है जो शरीर में प्यूरिन को बढ़ाने का काम करती है। यह प्यूरिन हड्डियों में जमा होकर सूजन और दर्द बढ़ा सकता है। इसलिए, अगर आपको यूरिक एसिड की समस्या है तो मटर खाने से बचें।

पालक- पालक, जो आमतौर पर सेहतमंद मानी जाती है, वह भी हाई यूरिक एसिड के मरीज़ों के लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसमें प्रोटीन की अच्छी- खासी मात्रा होती है, जो गाउट की समस्या में प्यूरिन बढ़ाकर सूजन और दर्द का कारण बन सकती है। इसलिए, हाई यूरिक एसिड वाले लोगों को पालक से परहेज़ करना चाहिए।

ब्रोकली- ब्रोकली का सेवन हाई यूरिक एसिड की समस्या में कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें मौजूद प्रोटीन शरीर में प्यूरिन को पचाने की गति को धीमा कर सकता है, जिससे दर्द और सूजन बढ़ सकती है। इसलिए, अगर आपको यूरिक एसिड की दिक्कत है, तो ब्रोकली खाने से बचें। अगर आप इन सब्जियों को बहुत पसंद करते हैं और कभी-कभी खाना भी चाहते हैं, तो इन्हें बहुत कम मात्रा में ही खाएं ताकि आपकी यूरिक एसिड की समस्या और न बढ़े। अपने डॉक्टर से सलाह लेना हमेशा सबसे अच्छा रहता है।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर(म.प्र.)

Phone/Fax no:/07658-264242 E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र.540/न.पा./लो.नि./2025 बिजुरी, दिनांक 13/06/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई– निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | आनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_UAD _430854_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN, FROM IMDAAD HOUSE TO BABU SONKAR HOUSE AT WARD NUMBER 12 | 13.87 लाख | 10405.00 | 2000.00 | 01-07-2025 (17:30 HRS) | 2nd CALL |
| 2 | 2025_UAD _430860_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD IN BHAGTA FROM SHAYAM KUMAR MEHRA ADVOCATE HOUSE TO GANESH SAHU AT WARD 15 | 26.50 लाख | 19877.00 | 5000.00 | 01-07-2025 (17:30 HRS) | 2nd CALL |
| 3 | 2025_UAD _430846_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD BHAGTA, ROAD FROM RAMKHELAVAN BAINA'S HOUSE TO DEVLAL KEVAT HOUSE VIA KEDAR SAHUS HOUSE WARD 15 | 17.83 लाख | 13377.00 | 2000.00 | 01-07-2025 (17:30 HRS) | 2nd CALL |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है ।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नही ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद बिजुरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म0प्र0)

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र. 559 /न.पा./ लो.नि./ 2025 बिजुरी, दिनांक 17/06/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**


एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।


| क्र. | ई– निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD _431225_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM LOHSARA STADIUM TO MAUHARI APPROACH ROAD AT WARD NO 14 | 57.59 लाख | 43194.00 | 10000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 2 | 2025_UAD _431224_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM MAUHARI KHALETOLA TO BHAGTA COLLEGE AT WARD NO 01 | 81.54 लाख | 61163.00 | 10000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 3 | 2025_UAD _431217_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM BIJURI COLLIERY CANTEEN TO GALLAIYA TOLA RAILWAY FATAK VIA MINUS TIRAHA AT WARD NO 09 | 54.08 लाख | 40567.00 | 10000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 4 | 2025_UAD _431200_1 | EXTENSION OF 11KV LINE NEAR DR. CHOUHAN HOUSE TO NEAR NAGAR PALIKA OFFICE VIA POLICE THANA, TEHSIL OFFICE AT WARD NO 12 | 18.56 लाख | 13922.00 | 2000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 5 | 2025_UAD _431189_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM KAPILDHARA MAIN ROAD TO PATHAK KIRANA GATE VIA RKVV SCHOOL AT WARD NO 07 | 37.29 लाख | 27973.00 | 5000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 6 | 2025_UAD _431181_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM DOUBLE STORY TO SIGUDI APPROACH ROAD AT WARD NO 03 | 27.14 लाख | 20359.00 | 5000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 7 | 2025_UAD _431176_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM KAPILDHARA MAIN ROAD TO RAILWAY UNDER BRIDGE AT WARD NO 07 | 62.92 लाख | 47192.00 | 10000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 8 | 2025_UAD _431155_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM PANCHMUKHI HANUMAN MANDIR TO BAHERA BANDH CULVERT AT WARD NO 14 | 132.22 लाख | 66112.00 | 10000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |
| 9 | 2025_UAD _431169_1 | INSTALLATION OF STREET LIGHT WITH OCTAGONAL POLE FROM STAFF COLONY TO MAUHARI VILLAGE AT WARD NO 01 | 86.83 लाख | 65130.00 | 10000.00 | 16-07-2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है ।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद बिजुरी**
**जिला-अनूपपुर (मप्र)**




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा साई प्रिंटिस म. ने 19 जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 09, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संपादक डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो. 9893798715